हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 28.06.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 331 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# राम जन्मभूमि ट्रस्ट की बैठक 11 जुलाई को चंपत राय के उत्तराधिकारी का होगा फैसला

एजेंसी

**अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे की आधिकारिक पुष्टि के बाद अब सभी की निगाहें 11 जुलाई को होने वाली ट्रस्ट की बैठक पर टिक गई हैं। इस बैठक में दोनों इस्तीफों पर विचार किया जाएगा और नए दायित्वों को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देवगिरी ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे ट्रस्ट को प्राप्त हो गए हैं। इन पर अंतिम निर्णय आगामी बैठक में लिया जाएगा। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि उनके स्थान पर किसे जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, 11 जुलाई को होने वाली श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में केवल इस्तीफों पर ही नहीं, बल्कि ट्रस्ट के प्रशासनिक ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होने की संभावना है। ऐसे में नए महासचिव और ट्रस्टी के चयन

**राम मंदिर ट्रस्ट में बड़ा बदलाव**



को लेकर भी फैसला लिया जा सकता है।

राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण के बीच ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को भरोसा दिलाया है कि भक्तों द्वारा चांदी की ईंटें, आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुएं सुरक्षित हैं। ट्रस्ट का कहना है कि सभी दान की वस्तुओं का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है।

डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे के बाद ट्रस्ट सदस्य कृष्ण मोहन (कृष्ण गोपाल) का नाम संभावित उत्तराधिकारी के रूप में चर्चा में है। सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में लंबे संगठनात्मक अनुभव और साफ-सुथरी छवि के कारण उन्हें नई जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि, इस संबंध में ट्रस्ट या संघ की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। चचाओं के बीच यह भी माना जा रहा है कि 11 जुलाई की बैठक के बाद ही ट्रस्ट के नए दायित्वों और नेतृत्व को लेकर तस्वीर पूरी तरह साफ होगी।

### बैठक में होगा चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर फैसला : श्रीराम जन्मभूमि न्यास

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम मंदिर चढ़ावे से जुड़े विवाद के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (न्यास) के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी ने बताया है कि महामंत्री चंपत राय और न्यासी अनिल मिश्रा का त्यागपत्र मिला है। उन्होंने बताया कि न्यास अपनी आगामी बैठक में इस पर विचार करेगा। न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि श्रीराम मंदिर में पिछले कुछ दिनों से सुनी घटनाओं से हम स्तब्ध, आहत और अत्यंत दुखी है। समस्त रामभक्तों और रामसेवकों के प्रतिनिधि के रूप में यहां सेवा करने वाले हम इसकी न्यायपूर्ण जांच एवं रामभक्तों को आश्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। न्यास ने स्पष्ट किया है कि महामंत्री चंपत राय और न्यासी अनिल मिश्र से त्यागपत्र प्राप्त हुआ है, जिस पर न्यास अपनी आगामी बैठक में विचार करेगा। न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि ने रामभक्तों को आश्वस्त किया है कि जिन भक्तों ने चांदी की ईंटें, आभूषण आदि प्रभु श्रीराम की सेवा में अर्पण के लिए न्यास के अधिकारियों को व्यक्तिश: सौंपी है, वे वस्तुएं सुरक्षित हिसाब सहित उपलब्ध है। उन्होंने आगे बताया कि मंदिर के दानपात्रों से प्राप्त राशि की घटना के संबंध मे न्यास के निवेदन पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से प्राप्त अंतरिम प्रतिवेदन के आधार पर न्यास ने एफआईआर की प्रविष्टि की है और उसपर वैधानिक कार्रवाई जारी है। हम सभी को विश्वास दिलाते हैं कि भविष्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ना बने ऐसा सुनिश्चित करेंगे। अपराधियों को वैधानिक यथायोग्य कड़ा दंड मिलें, इसके आग्रही रहेंगे। कोषाध्यक्ष ने कहा कि कुछ असामाजिक, अधार्मिक और स्वार्थी तत्व इस पूरे विवाद की आड़ में सनातन धर्म पर लांछन लगाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे सफल नहीं होने दिया जाएगा।



भाईचारे के सन्देश के साथ सादगी पूर्वक निकाला गया मुहर्रम का मातमी जुलूस

रिपोर्ट पेज 03 पर

# मुहर्रम जुलूस के दौरान 14,900 संदिग्ध जहरीले कैप्सूल जब्त

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मुहर्रम जुलूस के दौरान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14,900 संदिग्ध जहरीले कैप्सूल बरामद किए हैं। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है और संभावित साजिश की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है।



मुंबई पुलिस के अनुसार, मुहर्रम जुलूस के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति बिना अनुमति लोगों को कैप्सूल बांटता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पर उसे हिरासत में लिया और तलाशी के दौरान उसके पास से 14,900 कैप्सूल बरामद किए। प्रारंभिक जांच में बताया गया कि ये कैप्सूल चूहे मारने वाली दवा से जुड़े जहरीले रसायनों वाले थे।

पुलिस उपायुक्त जयंत मीना ने बताया कि शनिवार तड़के करीब चार बजे पुलिस को एक व्यक्ति की उल्टी और पेट दर्द की सूचना मिली थी। जांच के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने मुहर्रम जुलूस को निशाना बनाने की मंशा स्वीकार करने का दावा किया है। आरोपी की पहचान पुणे निवासी फैयाज के रूप में हुई है, जो पेंट के कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है।

## एक नजर

### कर्नाटक : भीषण सड़क हादसा, 5 की मौत

**कोप्पल :** कर्नाटक के कोप्पल जिले में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना कुकनूर तालुक के भानापुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-63 पर उस समय हुई, जब मंत्रालयम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक ओमनी वैन को डिवाइडर पार कर आए मालवाहक वाहन ने टक्कर मार दी।

### इसरो ने किया सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का सफल हॉट टेस्ट

**चेन्नई :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सेमी-क्रायोजेनिक इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल (पीएचटीए) का 175 टन थ्रस्ट स्तर पर सफल हॉट परीक्षण कर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह परीक्षण 24 जून को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) में किया गया।

### वेनेजुएला भूकंप : मरने वालों की संख्या हुई 1 हजार

**काराकास :** वेनेजुएला में इस सप्ताह आए दो शक्तिशाली भूकंपों ने भारी तबाही मचाई है। अंतरिम राष्ट्रपति जॉर्ज रोड्रिगेज ने शुक्रवार को बताया कि मृतकों की संख्या 1000 के करीब पहुंच गई है, जबकि हजारों लोग लापता हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बचाव दल बचे हुए लोगों की तलाश के लिए राहत-बचाव अभियान लगातार जारी है।

### भारत दौरे पर आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द भारत का दौरा करेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं और द्विपक्षीय व्यापार समझौता अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्तावित भारत दौरे की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मार्को रुबियो ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह स्वयं राष्ट्रपति ट्रंप के भारत दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए इस वर्ष के अंत में भारत आएंगे।

# सेशेल्स पहुंचे प्रधानमंत्री, एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली/विक्टोरिया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर शनिवार को सेशेल्स की राजधानी विक्टोरिया पहुंचे। एयरपोर्ट पर सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने स्वयं उनका स्वागत किया। भारतीय समुदाय ने भी गर्मजोशी से उनका अभिनंदन करते हुए 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए।

प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसी वर्ष भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं, जिससे यह यात्रा और अधिक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। बैठक में रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, निवेश, विकास सहयोग और हिंद महासागर क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत बनाने सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करेंगे। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

सेशेल्स पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नेशनल बोटेनिकल गार्डन्स का भी दौरा किया। यहां उन्होंने दुनिया के सबसे उम्रदराज जीवित थलीय कछुए 'जोनाथन' से मुलाकात की और अपने हाथों से उसे भोजन खिलाया। करीब 194 वर्ष आयु वाले इस विशालकाय कछुए का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है।

राष्ट्रीय दिवस समारोह के अवसर पर भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत भी सेशेल्स पहुंचे हैं। भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी परेड में हिस्सा ले रही है, जिसे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत और सेशेल्स के मजबूत रक्षा एवं समुद्री सहयोग का प्रतीक माना जा रहा है।

रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि सेशेल्स भारत का महत्वपूर्ण समुद्री साझेदार है और दोनों देश 'विजन महासागर' के तहत सुरक्षित, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह यात्रा दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देगी।

# महाराष्ट्र टीईटी परीक्षा स्थगित

एजेंसी

**मुंबई :** पेपर लीक की आशंका के बाद महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 को स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा 28 जून को राज्यभर के 1,428 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होनी थी, लेकिन परीक्षा से करीब 24 घंटे पहले प्रश्नपत्र लीक होने की पुष्टि के बाद महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद (एमएससीई) ने इसे रद्द कर दिया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ठाणे के भिवंडी क्षेत्र में पुलिस कार्रवाई के दौरान कथित रूप से टीईटी का प्रश्नपत्र बरामद किया गया। जांच में मिले दस्तावेजों का परीक्षा के वास्तविक प्रश्नपत्र से मिलान किया गया, जिसमें कई प्रश्न हूबहू समान पाए गए। इसके बाद परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए इसे तत्काल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। पेपर लीक मामले में पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल उनकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि प्रश्नपत्र कैसे लीक हुआ और इस पूरे नेटवर्क में किन-किन लोगों की संलिप्तता है। महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर बताया कि संदिग्ध पेपर लीक की गोपनीय सूचना मिलने के बाद परीक्षा स्थगित करने का फैसला लिया गया। परिषद ने कहा कि परीक्षा की नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी। शिक्षा विभाग इस पूरे मामले पर विस्तृत प्रेस नोट भी जारी करेगा। टीईटी परीक्षा के लिए राज्यभर से लगभग 4.28 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

# दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके

**नई दिल्ली :** शनिवार शाम दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में धरती से लगभग 215 किलोमीटर की गहराई में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.2 दर्ज की गई। फिलहाल किसी बड़े जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप शनिवार शाम करीब 7:04 बजे आया। झटके इतने तेज थे कि दिल्ली-एनसीआर सहित कई शहरों में लोग घरों और कार्यालयों से बाहर निकल आए। अधिकारियों के अनुसार, भूकंप का केंद्र काफी गहराई में होने के कारण इसका असर व्यापक क्षेत्र में महसूस किया गया, लेकिन नुकसान की आशंका अपेक्षाकृत कम रही। अफगानिस्तान में आए इस भूकंप के झटके पाकिस्तान, भारत, चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान तक महसूस किए गए। भारत में दिल्ली-एनसीआर के अलावा जम्मू-कश्मीर और उत्तर भारत के कई अन्य हिस्सों में भी लोगों ने झटके महसूस होने की जानकारी दी। विशेषज्ञों का कहना है कि गहरे केंद्र वाले भूकंप का प्रभाव बड़े भौगोलिक क्षेत्र में महसूस होता है, हालांकि ऐसे मामलों में सतही नुकसान अपेक्षाकृत कम होता है।

# भरत तिवारी एनकाउंटर : पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पांच गोलियां लगने की पुष्टि

एजेंसी

**भोजपुर/पटना :** बिहार के भोजपुर जिले में हुए चर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद राजनीतिक सरगर्मी और तेज हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भरत भूषण तिवारी के शरीर में पांच गोलियां लगने की पुष्टि हुई है। वहीं मामले की जांच जारी है और सरकार ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, भरत भूषण तिवारी को कुल पांच गोलियां लगी थीं। इनमें पहली गोली बाईं जांघ के ऊपरी अगले हिस्से में, दूसरी बाईं जांघ के अंदरूनी मध्य भाग में, तीसरी दाईं जांघ के अंदरूनी मध्य हिस्से में, चौथी दाईं जांघ के बाहरी हिस्से के अंदरूनी भाग में तथा पांचवीं गोली बाएं पैर के पिछले मध्य हिस्से में लगी थी। रिपोर्ट में सामने आए निष्कर्ष उस प्रारंभिक चिकित्सकीय परीक्षण से भी मेल खाते हैं, जिसमें गंभीर रूप से घायल अवस्था में भरत भूषण तिवारी को आरा सदर अस्पताल लाया गया था। उस समय अस्पताल के सर्जन डॉ. एम.एच. अंसारी ने बताया था कि उसके पैर और पेट के निचले हिस्से में चार से पांच गोलियां लगी थीं।

# अमित शाह ने लॉन्च की 'भारत टैक्सी' सेवा

एजेंसी

**गांधीनगर :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में सहकारी मॉडल आधारित 'भारत टैक्सी' सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि अगले दो वर्षों में इस सेवा का विस्तार देश के 500 शहरों और गांवों तक किया जाएगा। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।




अमित शाह ने कहा कि भारत टैक्सी का उद्देश्य यात्रियों और ड्राइवरों के शोषण को समाप्त करना है। इस मॉडल में चालक केवल वाहन चलाने वाला नहीं, बल्कि सहकारी संस्था का भागीदार और मालिक भी होगा। उन्होंने बताया कि सेवा के तहत दोपहिया और चारपहिया दोनों तरह की टैक्सी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निजी ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं में अधिक कमीशन, भुगतान में देरी और नए ड्राइवरों के पंजीकरण जैसी समस्याओं को देखते हुए भारत टैक्सी की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि इस मॉडल में चालक को 'सारथी' कहा जाएगा, जिसे सम्मान और स्वामित्व दोनों मिलेगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 7 लाख से अधिक सारथी इस सहकारी संस्था से जुड़े हैं और 37 लाख से अधिक लोग इस सेवा का लाभ उठा चुके हैं।

अमित शाह ने कहा कि कुछ लोग किराए को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, जबकि भारत टैक्सी के किराए प्रतिस्पर्धी हैं। उन्होंने दावा किया कि इस सेवा के शुरू होने के बाद निजी कंपनियों ने भी अपने किराए कम करने शुरू कर दिए हैं। भविष्य में सारथियों को ऋण, बीमा और व्यवसाय विस्तार जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि सहकारिता गुजरात की पहचान है और भारत टैक्सी आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि सहकारी व्यवस्था के कारण गुजरात में यह मॉडल सबसे अधिक सफल होगा और ड्राइवर अब केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि लाभ के साझेदार भी बनेंगे।

# मिडिल ईस्ट में फिर बढ़ा तनाव : अमेरिकी सेना ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों पर किए हमले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मध्य पूर्व में संघर्ष विराम के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी सेना ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन भंडारण केंद्रों के साथ तटीय रडार ठिकानों पर बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिका ने दावा किया है कि यह कार्रवाई एक मालवाहक जहाज पर हुए कथित हमले के जवाब में की गई।

### कार्गो जहाज पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, ईरान समर्थित हमलों से व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ, जिसके बाद मिसाइल, ड्रोन और रडार ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी प्रशासन ने इसे समुद्री सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम बताया है।

### ट्रंप ने ईरान पर लगाए संघर्ष विराम उल्लंघन के आरोप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के कथित ड्रोन हमले की निंदा करते हुए इसे संघर्ष विराम का गंभीर उल्लंघन बताया। वहीं




ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, दक्षिणी बंदरगाह शहर सिरीक के ताहेरौयेह पियर क्षेत्र में जोरदार विस्फोट हुआ, जिसे बाहरी हमले से जोड़कर देखा जा रहा है।

### हॉर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ी चिंता

ईरान ने चेतावनी दी है कि उसकी अनुमति के बिना कोई भी जहाज हॉर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश न करे। हालांकि कई व्यापारिक जहाज वैकल्पिक समुद्री मार्गों का इस्तेमाल कर अपनी आवाजाही जारी रखे हुए हैं। रणनीतिक जलमार्ग में बढ़े तनाव के बावजूद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सामान्य व्यापार बहाल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### इजरायल-लेबनान समझौते से बदला क्षेत्रीय समीकरण

इसी बीच अमेरिका की मध्यस्थता में इजरायल और लेबनान के बीच एक नए शांति ढांचे पर सहमति बनी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे क्षेत्र में स्थायी शांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे ईरान के प्रभाव को कमजोर करने वाला समझौता बताया, जबकि ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने इसका विरोध करते हुए इसे लेबनान की स्थिरता के लिए खतरा बताया है।

## एक नजर

### जमुनियां सिंचाई परियोजना से पांच गांवों के किसानों को मिलेगा लाभ



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के कई गांवों में लघु सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ कर किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को जमुनियां डैम जलाशय परिसर में सिंचाई आउटलेट गेट तथा स्पिल गेट के पुनर्निर्माण कार्य का आधारशिला रखी गई। मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। निर्माण कार्य जल संसाधन विभाग के यांत्रिकी प्रमंडल बनासो द्वारा कराया जाएगा। इस परियोजना में करीब 78 लाख रुपए की लागत आएगी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि जमुनियां जलाशय इस क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान के है। जलाशय के पानी से किसान सालोंभर पटवन कर फसल की पैदावार कर सकते हैं। प्रखंड के चेडरा, विष्णुगढ़, बकसपुरा, नवादा तथा बनासो पंचायत के किसान इससे लाभान्वित होंगे। कहा कि जलाशय में सिंचाई व्यवस्था के लिए बना आउटलेट गेट तथा स्पिल गेट काफी पुराना हो जाने के कारण खराब हो गया था। अब पानी की उठाव व्यवस्था के साथ दो आउटलेट गेट तथा दो स्पिल गेट बन जाने से सिंचाई के लिए पानी की असुविधा नहीं होगी। मांडू विधायक ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में आवश्यक मुलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। शिक्षा, सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल समेत सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता मेरी प्राथमिकता है। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की अन्य जनसमस्याओं को भी सुना और उसे पूरा कराने का आश्वासन दिया।

### वज्रपात से घास चर रहे भैंसा की मौत

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के भेलवारा पंचायत अंतर्गत बेलाटांड में शनिवार को वज्रपात से एक भैंसा की मौत हो गई। भैंसा चुनू मुर्मू का बताया जाता है। किसान चुनू मुर्मु ने बताया कि दोपहर में तेज धूप के बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश के साथ वज्रपात की चपेट में आने से घास चर रहे भैंसे की मौत हो गई। इस घटना के बाद से किसान काफी मायूस है। कहा है कि खेती बाड़ी के दिनों में भैंसा की मौत हो जाने से किसानी के काम में संकट उत्पन्न हो गया है। बता दें कि इस सप्ताह इलाके में वज्रपात की घटनाएं बढ़ी है। बीते सोमवार को नरकी के नावाडीह निवासी गोर्वधन महतो की मौत हो गई थी। वहीं, गुरूवार को गाल्होबार के अंबेडकर बस्ती निवासी मनी रविदास के भी एक मवेशी की मौत हुई थी।

## उद्घाटन का बाट जोह रहा है 55 लाख से बना बुंडू उपस्वास्थ्य केंद्र

# स्वास्थ्यकर्मियों की कमी के कारण नहीं चालू हो पा रहा है केंद्र : डॉ ज्ञानी

प्रत्यूष नवबिहार (कृष्णा प्रजापति )

**बरही :** प्रखंड से लगभग 15 किलोमीटर दूर मलकोको पंचायत के बुंडू गांव में 55 लाख से लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन एक साल से बनकर तैयार है। इस उपस्वास्थ्य केंद्र का न उद्घाटन हुआ है और न ही चालू किया गया है। इस ओर न स्वास्थ्य विभाग का ध्यान है और न ही कोई जनप्रतिनधि। उपस्वास्थ्य केंद्र काम होने के बाद से बंद पडा है जिसके कारण यह शराबियों का सुरक्षित जगह बन गया है। धीरे धीरे भवन में लगा समान कबड रहा तथा कई समान को लोग चोरी भी कर रहे हैं। जिस उद्देश्य से उप स्वास्थ्य भवन




का निर्माण किया गया था उसका उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है।

**ग्रामीण है मायूस**

ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी कि भवन बनने के बाद उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मी रहेंगे और छोटी बीमारियों का इलाज संभव हो सकेगा, लेकिन भवन बनने के एक साल बाद भी किसी अधिकारी का ध्यान नहीं गया है। इधर, स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीण मायूस हैं।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

शिक्षक मनोज पंडित ने कहा कि भवन बने एक वर्ष बीत गया है जो शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है। लाखों रुपये खर्च कर भवन को बनाया गया, लेकिन इसका सदुपयोग नहीं हो रहा है। अस्पताल चालू होता तो पंचायत के साथ खाथ अन्य पंचायत के लोगों को काफी सहूलियत होती। उन्होंने कहा कि सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर भवन बना दिया है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण केंद्र चालू नहीं हुआ है। इसके कारण लोग केंद्र से मिलने वाली सुविधा से वंचित हैं।

**मुखिया ने क्या कहा**

वहीं स्थानीय मुखिया विजय यादव ने कहा कि नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र जर्जर हो रहा है इस पर अधिकारियों को इस पर जल्द संज्ञान लेना चाहिए। ताकि उपस्वास्थ्य केंद्र चालू हो और पंचायत के लोगों को इसका फायदा मिल सके। पंसस रोहित कुमार ने बताया कि भवन बने एक साल पूर्व ही बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन अभी तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका है। जिसके कारण गांव के लोगों को छोटी - छोटी बीमारियों के ईलाज के लिए बरही जाना पड़ता है।

## मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न होने पर विकास मंच की बैठक, प्रशासन और जनता को दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबा :** पेलावल विकास मंच की ओर से मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न होने पर सभी को हार्दिक बधाई देते हुए आज अपराह्न 1 बजे पेलावल दक्षिणी अंबेडकर टोली स्थित प्रधान कार्यालय में मंच की खास बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर ने की तथा संचालन मंच के कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा द्वारा किया गया, इस खास बैठक में मुहर्रम पर्व सद्भाव एवं भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक संपन्न होने पर विस्तार से चर्चा कर अंततः हजारीबाग जिला प्रशासन के आयुक्त, उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, डीडीसी, हजारीबाग पुलिस के डीआईजी, पुलिस कप्तान, सभी डीएसपी, ड्यूटी में तैनात सभी मजिस्ट्रेट, जिले के सभी थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर, बीडीओ, सीओ एवं



ड्यूटी में तैनात सभी पुलिसकर्मियों को पेलावल विकास मंच की ओर से खुश-ओ-खुर्रम वातावरण में मुहर्रम पर्व संपन्न कराने हेतु ढेरों बधाइयां एवं अनंत शुभकामनाएं दी गईं, साथ ही जिले के समस्त अखाड़ा के खलीफाओं, उनकी टीम के सभी सदस्यगण एवं सभी नागरिकों को पीवीएम की ओर से दिल की गहराइयों से बधाई एवं सलाम कहा गया, बैठक में मुख्य रूप से मंच के संरक्षक मो. समीर, एम. हक भारती, महेंद्र ठाकुर, मो. इसराइल, संजय राम, मो. मुश्ताक, इंजमामुल हक भारती, अर्जुन राम, भोलू पासवान एवं सूरज कुमार उपस्थित थे।

## आजादी के बाद पहली बार पक्की सड़क से जुड़ेगा सलगा बिरहोर टांडा, सांसद ने किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कटकमदाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार देते हुए अड़रा पंचायत स्थित ग्राम सलगा डिपो के समीप एक करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएम-जनमन के अंतर्गत बनने वाली यह सड़क हजारीबाग-सिमरिया मुख्य पथ एनएच-522 से सलगा बिरहोर टांडा प्राथमिक विद्यालय तक जाएगी। करीब 1 किलोमीटर लंबी इस पक्की सड़क के निर्माण से आजादी के बाद पहली बार सलगा बिरहोर टांडा सीधे मुख्य धारा से जुड़ सकेगा। दौरे के दौरान सलगा डिपो पहुंचने पर स्थानीय लोगों विशेषकर बिरहोर परिवारों ने



अभूतपूर्व एकजुटता दिखाई। ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल को फूल-मालाएं पहनाईं, पुष्पगुच्छ भेंट किए और गगनभेदी नारों के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया। इस मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बतौर मुख्य अतिथि नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर पथ निर्माण की आधारशिला रखी। शिलान्यास के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने बिरहोर परिवार के सदस्यों के साथ सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने इस सड़क सौगात के लिए सांसद मनीष जायसवाल का आभार व्यक्त किया। संवाद के क्रम में सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि पहले हमने आपके यहाँ बिजली और पानी की मुकम्मल व्यवस्था कराई और अब यह पक्की सड़क आपके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का काम करेगी। आपकी हर समस्या का समाधान एक-एक कर प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सांसद मनीष जायसवाल ने मौके पर मौजूद अन्य स्थानीय लोगों की भी समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया।

## सफलता के सितारों को मिला सम्मान, सुरेखा प्रकाश भाई स्कूल ने बढ़ाया मेधावियों का उत्साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल बहेरा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल एवं मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो, गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या रीना पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया।उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों की उपलब्धियां पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का



विषय हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान करना विद्यालय के लिए गौरव और खुशी का क्षण है। समारोह के दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्या रीना पाण्डेय के हाथों सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास देखने को मिला। वहीं अभिभावकों ने भी विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है। अपने प्रेरणादायक संबोधन में प्राचार्या रीना पांडे ने कहा कि सफलता हासिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर मेहनत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पूरी लगन और आत्मविश्वास के साथ प्रयास करने से 94 प्रतिशत ही नहीं, बल्कि 98 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करना भी संभव है। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत कर इसी मंच पर सम्मानित होने का लक्ष्य रखने की अपील की।

## हजारीबाग में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 आज से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

> 3.12 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक, 1249 बूथों पर होगी व्यवस्था

**हजारीबाग :** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान (NID)-2026 का आयोजन 28 जून से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन को लेकर शनिवार को आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी एवं जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक ने अभियान की तैयारियों एवं रणनीति की विस्तृत जानकारी दी। अभियान के प्रथम दिन 28 जून को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित 1249 पोलियो बूथों पर प्रातः 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक नवजात से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। जिला आरसीएच पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के अनुमानित 3,12,306 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए 1249 वैक्सीनेटर टीम, 2448 वैक्सीनेटर सदस्य, 250 सुपरवाइजर, 67 ट्रांजिट प्वाइंट तथा 56 मोबाइल टीमों की प्रतिनियुक्ति की गई है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों, झुग्गी-बस्तियों एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों पर विशेष फोकस रखा जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए।

# उपायुक्त ने इचाक एवं पदमा प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती ने शनिवार को इचाक एवं पदमा प्रखंड क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासनिक व्यवस्था एवं विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में गुणवत्ता एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। **राजकीयकृत मध्य विद्यालय हदारी का निरीक्षण**

उपायुक्त ने सर्वप्रथम इचाक प्रखंड के हदारी पंचायत स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय हदारी का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या, आईसीटी लैब, मिड-डे मील, स्कूली ड्रेस एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बच्चों से संवाद कर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक को बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता, पढ़ने-लिखने की क्षमता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने तथा विद्यालय परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, इचाक को विद्यालय का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

**इचाक प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण**

उपायुक्त ने इचाक प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने प्रखंड परिसर स्थित जर्जर भवन को ध्वस्त कराने का निर्देश दिया तथा मनरेगा योजना के तहत परिसर में बिरसा आम बागवानी योजना के अंतर्गत पौधारोपण एवं बागवानी कराने का



निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों एवं कार्यालयीन कार्यों की भी समीक्षा की।

**मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, पदमा का निरीक्षण**

पदमा प्रखंड के सरैया ग्राम स्थित मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने वहां कार्यरत दीदियों से संवाद किया। उन्होंने उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पादों, आय-व्यय के संधारण एवं खातों की जानकारी प्राप्त की। दीदियों द्वारा मशीनी उपकरण, बाउंड्री वॉल, पंखा, जनरेटर एवं सोलर जैसी आवश्यक सुविधाओं की मांग किए जाने पर उपायुक्त ने आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया।

**पदमा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण**

उपायुक्त ने पदमा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, प्रज्ञा केंद्र, प्रखंड संसाधन केंद्र तथा जेएफएफसी गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा के तहत प्रखंड परिसर में पौधारोपण एवं बागवानी कराने के निर्देश दिए। मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ आवास निर्माण के संबंध में उन्होंने उप विकास आयुक्त से बात कर आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परिसर में उपस्थित आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा समाधान हेतु संबंधित अंचलाधिकारी से संपर्क करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ से विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) के तहत मैपिंग एवं प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त की तथा प्रज्ञा केंद्र संचालक को जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने संबंधी दिशा-निर्देश दिया एवं केंद्र में सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

**प्रखंड संसाधन केंद्र एवं गोदाम का निरीक्षण**

प्रखंड संसाधन केंद्र पदमा में उपायुक्त ने पाठ्यपुस्तक वितरण, बीआरपी एवं सीआरपी के कार्यों की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने जीएफएससी गोदाम का निरीक्षण किया।

**रामनारायण +2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण**

रामनारायण +2 उच्च विद्यालय, पदमा के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय पुस्तकालय का अवलोकन कर उसके बेहतर प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों को कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों को पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास कराने का निर्देश दिया ताकि परीक्षा परिणाम बेहतर हो सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएलएसए का 90 दिवसीय अभियान जारी झापा के ग्रामीण हुए कानून के प्रति जागरूक



**चौपारण :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) हजारीबाग के निर्देश पर प्रखंड अंतर्गत झापा पंचायत में शुक्रवार को 90 दिवसीय विशेष विधिक जागरूकता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और नि:शुल्क न्यायिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।यह जागरूकता अभियान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हजारीबाग धुर्व चंद्र मिश्रा के निर्देश तथा डीएलएसए सचिव डॉ. रवि प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन एवं निगरानी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों, कानून की जानकारी, न्याय पाने के विभिन्न माध्यमों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली नि:शुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सहित पात्र लोग डीएलएसए के माध्यम से मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान ग्रामीणों को नशा सेवन के दुष्परिणामों से भी अवगत कराया गया।लोगों से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ और बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नागरिक अधिकारों और कानूनी सेवाओं की जानकारी भी दी गई।जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कानून से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों एवं पीएलवी सदस्यों ने सरल भाषा में जवाब दिया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आम लोगों को अपने अधिकारों की जानकारी मिलती है और न्याय प्राप्त करने में सहायता मिलती है। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कानूनी सहायता पहुंचाना है, ताकि कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव या आर्थिक परेशानी के कारण अपने अधिकारों से वंचित न रहे। कार्यक्रम में पीएलवी अस्मिता कुमारी, नवीन कुमार, रेहाना खातून, नंदा देवी, रेखा कुमारी, सहित कई महिला एवं पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ठाकुरबाड़ी भूमि अतिक्रमण विवाद गरमाया, विधायक ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर की सख्त कार्रवाई की मांग



**हजारीबाग :** हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक अमन कुमार से मुलाकात कर इचाक स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक ठाकुरबाड़ी की भूमि पर हो रहे कथित अतिक्रमण एवं कब्जे के प्रयास के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान ठाकुरबाड़ी के महंत विजय दास भी उपस्थित रहे। विधायक प्रदीप प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले से अवगत कराते हुए कहा कि यह केवल भूमि का विवाद नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था एवं धार्मिक विरासत से जुड़ा विषय है। उन्होंने आग्रह किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि धार्मिक स्थल की सुरक्षा, पवित्रता एवं गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। उन्होंने बताया कि तीन दिन पूर्व महंत विजय दास भगवान श्री ठाकुर गोपाल जी को लेकर उनके विधायक जनसेवा कार्यालय पहुंचे थे और उन्हें इस पूरे प्रकरण की जानकारी दी थी। उस समय भी विधायक ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि धार्मिक आस्था से जुड़े इस विषय में वे हर स्तर पर न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण, अवैध कब्जा अथवा उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में कानून के अनुरूप कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक स्थलों पर अतिक्रमण करने का साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है और वे इस विषय पर अंतिम न्याय मिलने तक निरंतर प्रयास करते रहेंगे। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की कि मामले में शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई कर धार्मिक आस्था की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

### हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव एवं शिवाजी महाराज राज्याभिषेक पर सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव का उद्बोधन, 54 स्वयंसेवक हुए शामिल



**बरही :** शनिवार को शिवाजी व्यवसायी शाखा बरही में ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव व छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के पावन अवसर पर उत्तर पूर्व क्षेत्र के सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव जी ने उपस्थित स्वयंसेवकों के बीच उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल 30 साल की उम्र में 422 किले जीतने वाले अद्भुत महान योद्धा ही नहीं बल्कि एक बेहद दूरदर्शी कुशल रणनीतिकार थे, उनमें महाराणा प्रताप जैसी अपार शक्ति एवं आचार्य चाणक्य जैसा चतुर दिमाग था और उनकी राजनीतिक समझ व गोरिल्ला युद्धनीति इतनी सटीक थी कि उन्होंने छापामार युद्धनीति विकसित कर अपने समय की 1760 सल्तनत महाशक्तियां मुगल, बीजापुर के आदिलशाही, कुतुबशाही को परास्त कर एक स्वतंत्र हिन्दवी स्वराज की स्थापना की, उन्होंने प्राचीन हिन्दू राजनीतिक प्रथाओं तथा दरबारी शिष्टाचारों को पुनर्जीवित किया और मराठी एवं संस्कृत को राजकाज की भाषा बनाया, साथ ही उन्होंने तोरण का दुर्ग जो पुणे के दक्षिण पश्चिम में 30 किलोमीटर की दूरी पर था उसे जीतने एवं आदिलशाह के दरबार में बालक शिवाजी द्वारा केवल माता–पिता, गुरु और ईश्वर के सामने ही सिर झुकाने की घटना का उल्लेख कर कहा कि यह घटना हमें सिखाती है कि विनम्रता के साथ आत्मसम्मान बनाए रखना महान व्यक्तित्व की पहचान है, कार्यक्रम मण्डल कार्यवाह श्री राहुल राणा, शाखा कार्यवाह एवं मुख्यशिक्षक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जिसमें भामाशाह विद्या मंदिर, विश्व हिन्दू परिषद, भाजपा आदि सहित 54 स्वयंसेवक बन्धु सम्मिलित हुए।

# भाईचारे और अकीदत के साथ निकला गया मुहर्रम का जुलूस

## मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को भी किया गया याद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में शनिवार को मुहर्रम के अवसर पर इमाम हुसैन की शहादत की याद में श्रद्धा, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण माहौल में पारंपरिक जुलूस निकाला गया। शहर के मेन रोड सहित विभिन्न इलाकों से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। अखाड़ों ने पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया, जबकि युवतियों की भागीदारी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।






मुहर्रम जुलूस के दौरान "या हुसैन" के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। विभिन्न स्थानों से आकर्षक ताजिए निकाले गए और लोगों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रास्ते में सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने पेयजल व शरबत की व्यवस्था कर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया।

इस वर्ष जुलूस का प्रमुख आकर्षण भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को समर्पित मिसाइल का मॉडल रहा। तिरंगे के साथ प्रदर्शित इस मॉडल ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आयोजकों ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है और देश के वैज्ञानिक विकास में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

मुहर्रम जुलूस को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती रही। रांची के सिटी एसपी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी स्वयं पूरे जुलूस की निगरानी करते नजर आए। यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।

अंजुमन इस्लामिया से जुड़े शाहीन अहमद ने बताया कि मुहर्रम इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यजीद की बैअत स्वीकार करने से इंकार करने के बाद कर्बला में दस मुहर्रम को इमाम हुसैन और उनके साथियों ने सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि कर्बला का संदेश अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने, सत्य का साथ देने और इंसानियत की रक्षा करने की प्रेरणा देता है।

पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग जुलूस में शामिल हुए और शांतिपूर्ण वातावरण में मुहर्रम की रस्में पूरी की गईं।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में चेकमेट चैंपियंस 2026 का समापन, तराशी गयी युवा प्रतिभाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय राज्यस्तरीय आवासीय शतरंज शिविर-2026 चेकमेट चैंपियंस का समापन समारोह संपन्न हुआ। यह अवसर शिविर में भाग लेने वाले युवा शतरंज खिलाड़ियों के समर्पण, अनुशासन तथा उल्लेखनीय प्रगति का उत्सव बन गया। समापन समारोह में अतिथियों का आत्मीय स्वागत, विशिष्ट अतिथियों का सम्मान, ऊर्जावान मार्शल आर्ट्स नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति, प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्रों का वितरण तथा भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों ने शिविर को एक यादगार, प्रेरणादायी और गरिमामय समापन प्रदान किया।




शिविर के पाँचों दिनों के दौरान प्रतिभागियों ने ग्रैंडमास्टर हिमांशु शर्मा तथा श्री अभिषेक दास, फिडे प्रशिक्षक के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस सघन प्रशिक्षण ने युवा खिलाड़ियों की सामरिक समझ, रणनीतिक सोच तथा निर्णय लेने की क्षमता को और अधिक परिष्कृत एवं सुदृढ़ बनाया। शिविर के आवासीय स्वरूप ने प्रतिभागियों में अनुशासन, खेल भावना, आत्मविश्वास तथा आपसी सौहार्द की भावना का भी विकास किया, जिससे यह शिविर उनके लिए वास्तव में एक समृद्ध, प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक शिक्षण अनुभव सिद्ध हुआ।

समापन समारोह में ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के सचिव श्री मनीष कुमार और आयोजन सचिव, राँची जिला चेस एसोसिएशन एवं संयुक्त सचिव, फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त सचिव श्री नवजोत सिंह अलंग की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण और निरंतर प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि धैर्य, विश्लेषणात्मक चिंतन और विपरीत परिस्थितियों में भी दृढ़ बने रहने की क्षमता विकसित करने वाला एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रख्यात ग्रैंडमास्टर हिमांशु शर्मा एवं फिडे प्रशिक्षक श्री अभिषेक दास के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके अमूल्य समय, मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए विशेष आभार प्रकट किया।

## झारखंड में 30 जून और 1 जुलाई को भारी बारिश के आसार, अलर्ट जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में 30 जून और 1 जुलाई को भारी बारिश की संभावना जताते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

विभाग के अनुसार, इस दौरान उत्तर-पूर्वी, मध्यवर्ती और दक्षिणी जिलों में व्यापक वर्षा होने के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की जा सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, 30 जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती हिस्सों, विशेष रूप से बोकारो और धनबाद जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं 1 जुलाई को उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के देवघर, दुमका, पाकुड़, जामताड़ा, साहिबगंज और गोड्डा जिलों के अलावा दक्षिणी क्षेत्र के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां तथा मध्यवर्ती क्षेत्र के रांची, खूंटी, रामगढ़ और धनबाद में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 38.6 मिलीमीटर वर्षा सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में दर्ज की गई। वहीं सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची स्थित बीएयू परिसर के पास 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहने के कारण लोगों को भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। हालांकि मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

## एक तालाब ने बदली किसान की तकदीर आधुनिक खेती से सालाना 4 लाख तक की आय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अनगड़ा प्रखंड के उलातू गांव निवासी महावीर महतो ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती और मत्स्य पालन के क्षेत्र में सफलता की नई मिसाल कायम की है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदलते हुए सालाना तीन से चार लाख रुपये तक की आय अर्जित कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की है।



महावीर महतो खेती-किसानी के साथ उषा मार्टिन में नौकरी भी करते हैं। उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से उन्हें तालाब, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, सोलर इंसेक्ट ट्रैप, उन्नत बीज और पॉली शेड नेट जैसी आधुनिक कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इन संसाधनों की मदद से उन्होंने खेती को वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया।

महावीर महतो ने तालाब के पानी को ड्रिप सिंचाई प्रणाली से जोड़कर पूरे वर्ष सब्जियों की खेती शुरू की। इससे सिंचाई में पानी की बचत हुई, फसल की गुणवत्ता में सुधार आया और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आधुनिक तकनीक अपनाने से उनकी खेती अधिक लाभदायक बन गई।

फाउंडेशन की ओर से उपलब्ध कराए गए मछली के बीज से उन्होंने तालाब में मत्स्य पालन भी शुरू किया। खेती के साथ मछली पालन से उन्हें अतिरिक्त आय होने लगी। वर्तमान में वे खेती और मत्स्य पालन से प्रतिवर्ष लगभग तीन से चार लाख रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं।

## झारखंड में लागू होगी 'शिशु शक्ति योजना' कुपोषण से लड़ाई को मिलेगी नई ताकत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार राज्य से कुपोषण खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग चक्रधरपुर में सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद 'शिशु शक्ति ऑगमेंटेड टेक होम राशन (टीएचआर) योजना' को पूरे राज्य में लागू करने की तैयारी में है। योजना के प्रभावी संचालन के लिए डिजिटल ऐप, मॉड्यूल और विशेष रजिस्टर भी तैयार किए गए हैं।



शिशु शक्ति योजना विशेष रूप से अति गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए तैयार की गई है। सामान्य बच्चों की तुलना में ऐसे बच्चों को अधिक ऊर्जा, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की जरूरत होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष पोषाहार रेसिपी विकसित की गई है। इस पोषाहार में मूंगफली, सोयाबीन तेल, दूध पाउडर, चना, चीनी, गेहूं, सोया, रागी तथा विटामिन एवं मिनरल्स शामिल किए गए हैं। नई रेसिपी में चीनी की मात्रा घटाकर कुल ऊर्जा का केवल 8 प्रतिशत रखा गया है, जबकि वर्तमान टीएचआर में यह लगभग 22 प्रतिशत तक होती है।

सरकार ने जन्म से छह माह तक के शिशुओं में कुपोषण की समय रहते पहचान और प्रबंधन के लिए भी विशेष कार्ययोजना बनाई है। इसके तहत आंगनबाड़ी सेविका और सहिया संयुक्त रूप से घर-घर जाकर बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करेंगी और अभिभावकों को आवश्यक परामर्श देंगी। पूरी प्रक्रिया की निगरानी डिजिटल ऐप के माध्यम से की जाएगी।

शिशु शक्ति योजना की शुरूआत 18 जनवरी 2025 को समर योजना के तहत हुई थी। चक्रधरपुर प्रखंड में 23 जनवरी से 4 मई 2025 तक चले पायलट प्रोजेक्ट में अति गंभीर कुपोषित बच्चों को लगातार चार माह तक विशेष पोषाहार उपलब्ध कराया गया। इस दौरान 78 प्रतिशत बच्चों में रिकवरी दर्ज की गई, जिसके बाद सरकार ने इसे पूरे राज्य में लागू करने का निर्णय लिया।

# 30 जून से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ, मतदाताओं से भरवाएंगे इन्यूमरेशन फॉर्म : के. रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) के तहत 30 जून से 29 जुलाई तक इन्यूमरेशन चरण संचालित किया जाएगा। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं को आंशिक रूप से भरे हुए इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे तथा वर्तमान रंगीन फोटो और हस्ताक्षर सहित फॉर्म एकत्र करेंगे। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शनिवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दी।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि एसआईआर की प्रक्रिया केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भारतीय नागरिक नहीं हैं अथवा भारतीय नागरिकता त्याग चुके हैं, वे इन्यूमरेशन फॉर्म न भरें और बिना हस्ताक्षर किए उसे तत्काल बीएलओ को वापस कर दें। उन्होंने चेतावनी दी कि गलत जानकारी देकर गणना-घोषणा पत्र जमा करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय अपराध है।

के. रवि कुमार ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष गहन पुनरीक्षण के विभिन्न चरणों की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 और उसके संशोधनों के तहत नागरिकता निर्धारण के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी 1950 से 1 जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्म लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर 'बर्थ राइट रूल' लागू होता है और वह भारतीय नागरिक माना जाता है।

उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्म लेने वाले व्यक्ति के लिए माता या पिता में से किसी एक का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है। वहीं 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्म लेने वालों के लिए दोनों माता-पिता का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है। यदि माता-पिता में से एक भारतीय नागरिक है, तो दूसरे अभिभावक के पास बच्चे के जन्म के समय भारत का वैध पासपोर्ट और वीजा होना चाहिए तथा वह अवैध प्रवासी नहीं होना चाहिए।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत

**रांची :** शनिवार को सुबह लगफग 9 बजे रानी कुमारी उर्फ पायल उम्र17 वर्ष पिता सुरेश ठाकुर, हाहे में कि रहने वाली का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई स्थानियो लोगो ने बताया कि हाहे विजय किराना दुकान के सामने। वह अपने सहेली के साथ दो अलग अलग साइकिल में सवार होकर गोंदलीपोखर से ट्यूशन करके घर लौट रही थी। इसी बीच पीछे से कार ने टक्कर मार दी। मौके पर थाना प्रभारी पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए स्वर्णरेखा अस्पताल टाटीसिलवे ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। साथ चल रही एक अन्य लड़की भी घायल हो गई है। उसे भी इलाज के लिए स्वर्णरेखा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार को पुलिस थाने ले गई

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**रांची :** मुरी ओ पी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबला रेलवे फाटक के समीप रेलखंड से मुरी ओ पी पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है ।बतातें चले की शव मुरी सिल्ली रेलखंड के बीच डाउन लाइन पर जोबला रेल फाटक के समीप रेलवे लाइन पर स्थित किलोमीटर संख्या 356/20-22 से पुलिस ने शव बरामद किया ।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रांची रिम्स भेज दिया है ।मुरी पुलिस शव की शिनाख्त करने में लगी हुई है एवं शिनाख्त को लेकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा भी ले रही है ताकि पहचान हो सके,इसके साथ ही पुलिस आसपास के क्षेत्रों में सूचना प्रसारित कर शिनाख्त की प्रक्रिया तेज कर दी है ।खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है एवं पुलिस मामले को लेकर छानबीन में जुट गई है।

### चोर गिरफ्तार, जेवर डॉलर और नगदी बरामद

**रांची :** रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन, 76 डॉलर, नगदी, चांदी के सिक्के तथा सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### एसआईएस विस्तार को लेकर एसएलसी की बैठक एक को

**रांची :** केंद्र प्रायोजित स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम (एसआईएस) 2022-26 को एक वर्ष तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर एक जुलाई को राज्य स्तरीय समिति (एसएलसी) की बैठक होगी। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह बैठक गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दोपहर 3.30 बजे से उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री श्याम मंदिर में 206वां श्री श्याम भंडारा संपन्न, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद



**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से 206वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्री श्याम के दर्शन किए और महाप्रसाद ग्रहण किया। इस बार का भंडारा महेश भाला, सभ्यता भाला, रूपेश, श्वेता, प्रथम, गीतांजलि एवं दिव्य भाला के परिवार की ओर से निवेदित किया गया। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा एवं भाला परिवार ने संयुक्त रूप से बाबा श्री श्याम का भोग लगाकर भजन प्रस्तुत किए। आओ-आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी भजन से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। परंपरा के अनुसार सबसे पहले बाबा श्री श्याम को भोग अर्पित किया गया और महाप्रसाद में सम्मिलित किया गया। इसके बाद यजमान परिवार ने मंदिर के आचार्यों को प्रसादी ग्रहण कराई। मंडल की परंपरा के अनुसार हर शनिवार भंडारे का एक भाग गौशाला में गौ माता के लिए भी भेजा गया। भंडारे के दौरान श्री श्याम मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। हरमू रोड पर महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए लंबी कतारें लगीं और खाटू नरेश की जय के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। प्रथम देव भगवान श्री गणेश के जयघोष के साथ प्रसाद वितरण शुरू हुआ। भक्तों के लिए वेजिटेबल पुलाव, आलू-गोभी, कद्दू मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी, खीर और चूरमा का विशेष भोग तैयार किया गया। भंडारे के सफल आयोजन में मंडल के पदाधिकारियों के अलावा श्रवण ढांढनिया, अन्नपूर्णा सरावगी, अनुज मोदी, अमित सरावगी, मदन बगड़िया, अंकित सिंह, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, संकेत चौधरी, ऋषभ चौरसिया, हर्ष मिश्रा, हिमांशु केशरी, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे सहित 50 से अधिक कार्यकताओं ने सक्रिय सहयोग किया। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### लोटा पंचायत के टुंगरीटांड़ वनधार गांव में 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया गया



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोटा पंचायत के टुंगरीटांड़ वनधार गांव में 25 केवीए के बिजली ट्रांसफॉर्मर का सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के उपस्थिति में सुर्यनारायण महतो द्वारा विधिवध पूजा अर्चना कर उद्धघाटन किया गया ।वार्ड सदस्य अजीत महतो ने बताया कि पिछले कई दिनों से 25 केवीए का बिजली ट्रांसफॉर्मर खराब था जिससे बिजली उपभोक्ता एवं इस क्षेत्रों के लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था परन्तु कार्तिक चन्द्र महतो के प्रयास से ट्रांसफॉर्मर मंगवाया गया ।ट्रांसफार्मर के लगते ही टुंगरीटांड़ वनधार के ग्रामीणों को बिजली उपलब्ध हो गई एवं अंधेरे से रोशनी प्राप्त हुई ।इस मौके पर सिल्ली पश्चिमी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो,ग्रामीण महेश महतो,मानिक महतो,सुरेन महतो,राहुल महतो,विजय महतो,कालीचरण महतो साथ ही बिजली मिस्त्री गंगाधर महतो, चंद्रमोहन महतो,जयप्रकाश महतो,सुफल बेदिया इत्यादि ग्रामीण उपस्थित हुए।

### 30 जून तक चलेगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान पांच लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

**रांची :** रांची जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2026 का आयोजन 28 से 30 जून तक किया जाएगा। अभियान के तहत जिले में शून्य से पांच वर्ष तक के 5,05,524 बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की तैयारियों और क्रियान्वयन की जानकारी शनिवार को सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी गई। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिलेभर में 3,893 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 7,786 बूथ टीम सदस्यों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जबकि पूरे अभियान की निगरानी के लिए 571 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। डॉ. प्रभात कुमार ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाकर पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक दवा पिलाएं। उन्होंने कहा कि हर बच्चा, हर बार की भावना के साथ प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी बच्चे को इस अभियान से वंचित नहीं रहने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। अभियान की सफलता तभी संभव है, जब प्रत्येक पात्र बच्चे को निर्धारित अवधि के दौरान पोलियो की खुराक अवश्य मिले। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पल्स पोलियो प्रचार रथ को रवाना किया। यह प्रचार रथ रांची के सभी शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक करेगा और अधिक से अधिक अभिभावकों को अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर डीआरसीएचओ डॉ. असीम कुमार मांझी, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रीति चौधरी, क्षेत्रीय समन्वयक श्वेता वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### जमीन विवाद में किसान की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** रांची जिले के तमाड़ थाना पुलिस ने जमीन विवाद में हुई किसान की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की दाउली (कृषि और बागवानी का हाथ से चलने वाला औजार) भी बरामद कर ली है। तमाड़ थाना प्रभारी दुलाल कुमार महतो ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुईला महतो के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि 24 जून को सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्र के बारेडीह गांव में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच और परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि मृतक गोविंद महतो और आरोपित कुईला महतो के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

एक नजर

## यूनियन बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र में 35 हजार रुपये और लैपटॉप की चोरी



**बरही :** बरही प्लस टू हाई स्कूल के पास यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सेवा केंद्र में चोरों ने एस्बेस्टस शीट काटकर 35 हजार रुपये नगद और लैपटॉप की चोरी कर ली। ग्राहक सेवा केंद्र की संचालिका अमिता कुमारी पति राजेश चौधरी बरहीडीह ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने और उसके रुपये और लैपटॉप बरामद करने की मांग की है। अमिता कुमारी ने बताया कि शुक्रवार की रात 8 बजे वह सेवा केंद्र, दुकान बंद कर अपने घर चली गई। रोज की तरह शनिवार को सुबह 10 बजे वह ग्राहक सेवा केंद्र खोली तो देखा कि उसके सेवा केंद्र में चोरी हो गई है। अपने सेवा केंद्र के गल्ला और दुकान की जांच की तो देखा कि उसके 35000 रुपये और लैपटॉप नहीं है उसे चोरों ने चुरा लिया। अमिता कुमारी ने अज्ञात चोरों पर कार्रवाई कर रुपये और लैपटॉप बरामद करने की गुहार लगाई है। दूसरी ओर मुकेश चौधरी ने अपने प्रज्ञा केंद्र में 15 हजार रुपये नगद चोरी होने को लेकर बरही थाना में आवेदन दिया है।

## चलकुशा में 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**चलकुशा :** प्रखंड में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में आयोजित 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता (2026-27) का शुभारंभ शनिवार को चलकुशा स्थित पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में हुआ।
प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि लखन साव तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. नौशाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।
प्रतियोगिता में चलकुशा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन मुकाबला झारखंड कस्तूरबा आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, चलकुशा और उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सलैयाडीह के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में झारखंड कस्तूरबा आवासीय बालिका उच्च विद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इस अवसर पर संतोष कुमार चौधरी, वार्डन चंचला कुमारी, राजेंद्र कुमार, कामेश्वर सिंह, विजय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# पोटका में ब्रेन मलेरिया का प्रकोप गहराया तीन बच्चों की मौत, 16 नए संक्रमित मिले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड में ब्रेन मलेरिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार तक इस बीमारी से तीन बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 16 नए संक्रमित मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। प्रभावित गांवों और छात्रावासों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें जांच, उपचार, दवा वितरण और जागरूकता अभियान चला रही हैं।
शनिवार को पोटका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लगातार तीसरे दिन विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 14 लोगों में ब्रेन मलेरिया की पुष्टि हुई। इनमें से सात मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल और सदर अस्पताल, जमशेदपुर रेफर किया गया। इसके अलावा गोमियासाई की अमीषा भूमिज (12) और सेरेंगडीह के भीम सरदार (17) भी संक्रमित पाए गए, जिनका इलाज हाता स्थित तारा सेवा सदन में चल रहा है। इस प्रकार शनिवार को कुल 16 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई।
स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीमारी का सबसे अधिक असर बच्चों और किशोरों पर देखा जा रहा है। संक्रमितों में कई स्कूली छात्र-छात्राएं और छोटे बच्चे शामिल हैं, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की चिंता बढ़ गई है।
इसी बीच कोंडोर गांव की सुबोला सरदार की ब्रेन मलेरिया से मौत हो गई। उनकी एक वर्षीय बहन खुशबू सरदार भी इसी बीमारी से संक्रमित है और तारा सेवा सदन में भर्ती है। अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतका के पिता महावीर सरदार ने बताया कि शुरूआत में बच्ची का उपचार एक झोलाछाप चिकित्सक से कराया गया था। बाद में हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि उनकी छोटी बेटी खुशबू का इलाज जारी है। सीएचसी पोटका की प्रभारी डॉ. रजनी महाकुड़ ने बताया कि अब तक ब्रेन मलेरिया से तीन बच्चों की मौत हुई है। मृतकों में कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा लखी सरदार, दौड़डोडिया गांव के राहुल सरदार और कोंडोर गांव की सुबोला सरदार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित गांवों में घर-घर जाकर लोगों की जांच कर रही हैं और मलेरिया से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक भी कर रही हैं।

## नाजिया इलाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सरिया थाना पहुंचे सैकड़ों लोग



सरिया : हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में कथित तौर पर की गई गुस्ताखी को लेकर मुस्लिम समुदाय में भारी आक्रोश है। इसी सिलसिले में शनिवार को सरिया थाना परिसर में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए। समुदाय के लोगों ने थाना प्रभारी पिंकू कुमार सिंह से मुलाकात की और उन्हें एक लिखित आवेदन सौंपा। यह आवेदन मोहम्मद शमशाद के हस्ताक्षर से दिया गया है। सौंपे गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि नाजिया इलाही नामक महिला ने पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिससे समुदाय की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। आवेदन के माध्यम से मांग की गई है कि इस पूरे मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच की जाए।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 204 एवं 209 के प्रावधानों और 'रिवर्स ऑस्मोसिम (RO) वाटर उपचार संयंत्र संचालन एवं अनुज्ञप्ति नियमवाली 2024' के आलोक में हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत संचालित सभी रिवर्स ऑस्मोसिस (RO) जल उपचार संयंत्रों के संचालको को सूचित किया जाता है कि नगर निगम से अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य है।

**अनुज्ञप्ति हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं शुल्क :–**
1. संचालको द्वारा विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र।
2. व्यक्तिगत मामले में आधार कार्ड की छायाप्रति तथा एजेंसी / फर्म के निगमन (Incorporation) अथवा पंजीकरण संबंधी दस्तावेज।
3. अद्यतन विद्युत बिल की छायाप्रति।
4. होल्डिंग कर (Holding Tax) की अद्यतन रसीद।
5. केन्द्रीय भूगर्भ जल प्राधिकरण (CGWA) द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र।
6. वर्ष जल संचयन संरचना का फोटो सहित विवरण तथा खुली भूमि के मामले में शपथ पत्र।
7. अनुज्ञप्ति शुल्क – 5,000 / – (पाँच हजार रुपये मात्र)।
8. वार्षिक नवीकरण शुल्क – 20,000 / – (बीस हजार रुपये मात्र)।
9. अनुज्ञप्ति का प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

**नोट :–**
1. बिना वैध अनुज्ञप्ति के आर.ओ. जल उपचार संयंत्र का संचालन करते पाए जाने पर 50,000 / – (पचास हजार रुपये मात्र) का दण्ड अधिरोपित किया जाएगा।
2. दण्ड राशि निर्धारित अवधि के भीतर जमा नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित आर.ओ. जल उपचार संयंत्र संचालकों पर नगर निगम द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।
3. राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित 'रिवर्स ऑस्मोसिम (RO) वाटर उपचार संयंत्र संचालन एवं अनुज्ञप्ति नियमवाली 2024' में वर्णित समस्त नियम एवं शर्तें अनिवार्य रूप से लागू होगें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 383405 Urban Development and Housing(26-27)#D


## बढ़ती चोरियों से फूटा स्वर्ण व्यवसायियों का गुस्सा, थाना के समक्ष दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और छिनतई की घटनाओं से आक्रोशित स्वर्ण व्यवसाय संघ ने शनिवार को सरिया थाना के मुख्य द्वार के सामने एकदिवसीय धरना दिया। सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाने की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए संघ के प्रतिनिधि अंबुज वर्मा ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा बीते कुछ ही दिनों में चोरों ने क्षेत्र के दर्जनों घरों और दुकानों को निशाना बनाया है। छिनतई की घटनाएं आम हो चुकी हैं। लेकिन बेहद अफसोस की बात है कि वर्तमान थाना प्रभारी द्वारा इनमें से एक भी मामले का उद्भेदन (खुलासा) नहीं किया गया है। पुलिस का यह सुस्त रवैया अपराधियों के हौसले बुलंद कर रहा है। स्वर्ण व्यवसाय संघ ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि वे अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। अंबुज वर्मा ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन एक सप्ताह के अंदर इन चोरी और छिनतई के मामलों का खुलासा कर अपराधियों को जेल नहीं भेजती है, तो तमाम व्यवसायी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और थाने के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। धरने पर बैठे अन्य व्यवसायियों का कहना था कि लगातार हो रही वारदातों के कारण अब वे दुकान खोलने और नकदी या जेवरात लेकर चलने में भी डरने लगे हैं। उन्होंने अविलंब पुलिस गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करने की भी मांग की है। धरना समाप्ति के पश्चात थाना प्रभारी को विज्ञापन सोपा गया। इस मौके पर अंबुज वर्मा, धर्मपाल महतो, विनोद स्वर्णकार, कृष्ण सोनी, राजेश स्वर्णकार, महेश स्वर्णकार, प्रसादी स्वर्णकार किशोर सोनी सुनील सोनी समेत दर्जनों स्वर्ण व्यासाई मौजूद थे।

## बरकट्ठा में 1 करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त 935 कार्टन के साथ ट्रक चालक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** बरकट्ठा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए झुरझुरी गांव स्थित झारखंड होटल के पास खड़े 12 चक्का ट्रक संख्या वङ18उअ-6133 से 935 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। जिसकी बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये बताई जा रही है। महानिरीक्षक एवं उत्पाद नियंत्रण ब्यूरो पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक में भारी मात्रा में शराब लदी है, सूचना पर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर बरकट्ठा थाना की टीम ने सशस्त्र बल के साथ छापेमारी कर ट्रक और चालक को हिरासत में लिया। जांच में ट्रक से वळ चंडीगढ़ में बिक्री के लिए ले जाई जा रही क्ेस्त्री१'' इ'ॆ४ी ब्रांड की 33,240 बोतलें बरामद हुईं जिनमें 180 टछ की 21,600 बोतलें 3,888 लीटर और 375 टछ की 11,640 बोतलें 4,365 लीटर शामिल हैं, इस मामले में उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर निवासी ट्रक चालक दलजीत सिंह उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 101/26, दिनांक 27.06.26, धारा 274/275/3(5) बी.एन.एस. एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने शनिवार को खूंटी जिले के ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, ईवीएम के रखरखाव तथा लॉग बुक का जायजा लिया। उन्होंने तैनात सुरक्षा कर्मियों को पूरी सतर्कता और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का भौतिक सत्यापन भी किया गया।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी**

**रोजगार मेला–03.07.2026**

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को देश–विदेश के निजी क्षेत्रों में रोजगार के सुअवसर प्राप्त करने हेतु नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय खूँटी के द्वारा दिनांकः–**03 जुलाई 2026, दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:00 बजे से कचहरी मैदान, खूँटी में रोजगार मेला** आयोजित किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेला में अब तक निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S N | Name and Address of the Employers | Name of the Post | No. Of Vacancies Male | No. Of Vacancies Female | Qualification | Experience | Salary | Age (Min-Max) | PF & ESIC (Yes/No) | Accommodation & Food Services (Yes/No) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v | vi | vii | viii | ix | x | xi | xii |
| 01 | Terrier Security Services, Karnataka | Security Guard | 100 | 50 | 10th & above | Any | 17000/-23000/- | 20-40 | Yes | NO | PAN India |
| 02 | PANIIT Alumni Reach for Jharkhand Foundation, Ranchi | Tiles Mason, Plumber, Electrical, Pipefitter | 120 | 00 | 10th & above | Any | 30000/- INR 40000 APPROX | 18-32 | No | Yes | DUBAI |
| | | Plumber Construction | 70 | 00 | 5TH & above | Any | 20000/- 24000/- | 18-32 | Yes | Yes | PAN INDIA |
| | | Electrical Vehicle Driving | 40 | 00 | 10th & above | Any | 17000/- 22000/- | 18-32 | No | Yes | |
| | | Forklift Operator | 60 | 15 | 10th & above | Any | 21000/- | 18-32 | Yes | Yes | |
| | | Assembly Line Operator & Industrial CMO (GIRLS) | 50 | 50 | 8th & above | Any | 15000/- 17000/- | 18-28 | Yes | Yes | |
| 03 | Vision India Services Pvt. Ltd., Ranchi | Production Associate | 50 | 50 | 12th, ITI, Diploma | Any | 17000/-23000/- | 18-27 | No | Yes | Bangalore |
| | | Assembly Line Operator | 50 | 50 | 12th, ITI, Graduation | Any | 18000/-23000/- | 18-27 | | | |
| | | Trainee | 50 | 50 | 10th,12th, ITI | Any | 17000/-19500/- | 18-26 | | | Goa |
| 04 | M/S Ranchi Security Pvt. Ltd, Ranchi | Centre Manager | 02 | 02 | Graduation | 5 Years | 20000/-30000/- | 18+ | Yes | Yes | Ranchi, Gumla, Khunti |
| | | MIS Executive | 05 | 05 | Graduation | 5 Years | 15000/-17000/- | | | | |
| | | SMO/SET Trainer | 05 | 05 | Intermediate | 5 Years | 15000/-17000/- | | | | |
| | | Housekeeping Staff | 03 | 02 | Any | 1 Years | 6000/- 8000/- | | | | |
| | | Cook | 03 | 02 | Any | 2 Years | 8000/-13000/- | | | | |
| | | Mobilizer/Field Officer | 05 | 05 | 10th | 1 Year | 12000/-15000/- | | | | |
| 05 | Mod mobiles/ Maruti Suzuki Authorized Service Center Khunti | Operation Service Manager | 01 | 01 | MBA + Automobile Diploma/ Graduate | 3 Years | 20000/-25000/-- | 25-35 | Yes | No | Khunti |
| | | Service Advisor /Supervisor | 02 | 02 | ITI, Graduate, Diploma In Automobile | 3 Years | 15000/-20000/- | | | | |
| | | Head Mechanic | 02 | 00 | ITI, Diploma In Automobile | 5 Years | 15000/-25000/- | | | | |
| | | Helper Mechanic | 02 | 00 | 10th | Basic Knowledge | 8000/-10000/- | 20-30 | | | |
| | | Store Keeper | 01 | 01 | Graduate | Computer Knowledge | 10000/-15000/- | 22-35 | | | |
| | | Customer Care Executive | 01 | 01 | | Good Communication Skill | 8000/-10000/- | 20-30 | | | |
| | | Car Wash Staff | 01 | 00 | 10th | Basic Experience | 8000/-10000/- | 20-35 | | | |
| | | Cleaning Staff | 01 | 01 | 10th | Office Cleaning Experience | 6000/-10000/- | 20-35 | | | |
| | | Accountant | 01 | 01 | B.COM | 2-3 Years | 18000/-20000/- | 20-35 | | | |
| 06 | Shiv ford Group, Pune | Assembly Line Operator | 50 | 50 | 12th, ITI, Diploma, Graduate | Fresher | 21500/- | 18-35 | Yes | Yes | Pune |
| | | Assembly Line operator Quality Dept | 50 | 50 | | | 24000/- | | | | |
| | | Machine Operator | 50 | 50 | | | 22000/- | | | | |
| 07 | LIC, Khunti | Bima Sakhi | 00 | 50 | 10th & above | Fresher | 7000/-p/m +Commission | 18-65 | No | No | Home Town |
| | | LIC Advisor | 20 | 20 | | | | | | | |
| 08 | L & T Construction, West Bengal | Civil | 50 | 00 | 8th -12th | Fresher | 16400/- | 18-35 | No | Yes | Odissa, Chhattisgarh, Maharashtra |
| | | Welder | 25 | 00 | ITI | | | | | | |
| | | Fitter | 25 | 00 | | | | | | | |
| | | Electrician | 10 | 00 | | | | | | | |
| 09 | Premson's Bajaj, Ranchi | Sales Executive | 05 | 00 | 12th & Graduate | Fresher | 12000/- | 18-35 | No | No | Khunti, Ranchi etc. |
| | | Technician | 05 | 00 | ITI | | 12000/- | | | | |
| | | Team Leader | 02 | 00 | Graduate | 1 Year | 18000/- | | | | |
| | | Branch Manager | 01 | 00 | Graduate | 2 Years | 30000/- | | | | |
| 10 | Walkaroo International Pvt. Ltd. Coimbatore | Helper | 50 | 00 | Any | Fresher | 12800/-14780/- | 18-35 | Yes | Yes | Pan India |
| 11 | Namra Finance, Khunti | Field Officer | 06 | 04 | 10th & above | Learning License and Driving License is mandatory | 12000/-13000/- | 19-32 | No | Applicable as per employment type | Khunti, Torpa, Bero, Bundu |
| 12 | MRF Ltd, Gujarat | Apprenticeship trainee | 100 | 00 | 10th, 12th, ITI, Diploma | Fresher | 17500/- | 18-28 | No | Yes | Ponda, Goa |
| 13 | First Security and outsourcing company, Ranchi | Security Guard | 50 | 20 | 10th & above | Fresher | 9000/-11000/- | 18-35 | No | Yes | Khunti, Ranchi |
| | | Security Supervisor | 10 | 10 | 12th & above | 1-2 Years | 10000/-15000/- | 21-40 | | | |
| | | Security Officer | 10 | 10 | Graduate | 2-3 Years | 13000/-16000/- | 25-45 | | | |
| | | Housekeeping | 10 | 10 | 8th & above | Any | 8000/- 9000/- | 21-40 | | | |
| | | Housekeeping Supervisor | 05 | 05 | 12th, Graduate | 2-3 Years | 10000/-15000/- | 21-40 | | | |
| 14 | LMS Corporate services Pvt Ltd, Bangalore | Operator | 50 | 50 | 10th, 12th, ITI, Diploma | Fresher | 19000/- | 18-30 | Yes | No | Hosur |
| | | Trainee | 50 | 50 | 10th, 12th, ITI, Diploma | Fresher | 19000/- | 18-30 | Yes | No | |
| 15 | Seva Sahyog Security & Facility Management Pvt. Ltd. Jamshedpur | Security Guard | 50 | 10 | 10th & above | Fresher | 10000/-19000/- | 18-45 | Yes | Yes | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Supervisor | 07 | 00 | Graduation | 1 Year | 15000/-25000/- | 22-45 | | | |
| 16 | Blinkit Ltd, Ranchi | Picker | 50 | 10 | 8th & above | Fresher | 14000/-22000/- | 18-35 | Yes | Yes | Gurgaon, Mumbai, Bangalore, Noida |
| | | Packer | 50 | 10 | | | | | | | |
| | | Scanner | 50 | 10 | | | | | | | |
| | | Billing | 20 | 10 | | | | | | | |
| 17 | Utkarsh Small Finance Bank, Ranchi | Trainee Credit Officer | 50 | 00 | 12th & above | DL Mandatory | 16000/- | 18-32 | Yes | Yes | Jharkhand |
| | | Trainee Relationship Officer | 30 | 00 | Graduate | | 17000/- | | | | |
| 18 | Quantum Knits Pvt Ltd, Coimbatore | SMO | 00 | 100 | 8th & above | Fresher | 15000/- | 18-30 | Yes | Yes | Tamilnadu |
| | | Nurse | 00 | 02 | ANM | 1 Year | 20000/- | 18-40 | | | |
| | | Warden | 00 | 02 | 12th & above | 1 Year | 22000/- | 25-40 | | | |
| | | Training Floor In charge | 02 | 00 | Diploma in Textile | 1 Year | 25000/- | 20-35 | | | |
| | | Helper | 25 | 00 | Any | Fresher | 19255/- | 20-45 | | | |
| | | State Manager | 01 | 01 | Graduate | 3 Years | 35000/-45000/- | 25-45 | Yes | No | Jharkhand |
| | | District Coordinator | 02 | 02 | Graduate | 2 Years | 28000/- | 25-40 | | | |
| | | Block Coordinator | 05 | 05 | 12th & above | 1 Year | 18000/- | 20-40 | | | |
| 19 | FA Gifts Pvt. Ltd (Bakingo) Gurugram | Kitchen Trainee | 50 | 10 | 10th & above | Fresher | Stipend (12000/-1500/) | 18+ | Yes (Insurance 5 Lakhs) | Yes | Bangalore, Gurugram |
| | | Comi 3/2/1 | 50 | 00 | Diploma in hotel management | 1-4 Years | Interview based | 18-28 | | | PAN India |
| 20 | GR Management Solution, Bangalore | Machine Operator/Quality Checker | 50 | 00 | 10th, ITI | Fresher | 22000/- | 18-30 | Yes | No | Bangalore |
| | | Assembly Line Operator | 50 | 00 | 12th, ITI, Graduate | | 21000/- | | | | |
| | | Mobile Assembly Operator | 00 | 50 | 10th, 12th, ITI, Graduate | | 20259/- | | | | |
| | | Ward Boy/Girl | 20 | 20 | 10th, 12th, Graduation, GDA etc. | GDA | 17000/- | | | Yes | Chennai |
| 21 | Guardian Security Solution Pvt. Ltd, Saran, Bihar | Security Guard | 100 | 00 | 10th & above | Fresher | 18500/- | 18-40 | Yes | Yes | Ranchi |
| | | Security Supervisor | 50 | 00 | Graduation | | 22500/- | 21-37 | | | |
| 22 | Airtel Payment Bank, Ranchi | ADBE | 10 | 05 | 10th & above | 2 Years Exp in Field Sales | 13100/- | 21-40 | Yes | No | Khunti All Block |
| 23 | National Career Service Centre for Differently Abled Govt. Of India, Ranchi | Trainee (Vocational non-Formal) | 40 | 40 | Any | Any | Stipend 2500/- Per Month for 12 Months | 15-50 | No | No | Training at NCSC-DA, Ranchi |
| 24 | Bharat Financial Inclusion Ltd, Ranchi | Loan Officer | 50 | 00 | 12th & above | Fresher & Exp both | 14935/-19800/- | 18-32 | Yes | No | PAN Jharkhand |
| 25 | Zomato Pvt. Ltd, Ranchi | Picker | 50 | 00 | 10th & above | Any | 20000/- | 18-35 | Yes | Yes | South India |
| | | Billing | 30 | 00 | | | | | | | |

इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण पत्र, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईजे फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

PR 383432 (Labour Employment and Traning)26-27*D

जिला नियोजन पदाधिकारी खूँटी


# ब्रह्माकुमारीज का नशा मुक्ति अभियान संपन्न 2000 विद्यार्थियों ने ली नशा न करने की शपथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** भारत सरकार द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अंतर्गत 'नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान' विषय पर ब्रह्माकुमारीज की मेडिकल विंग तथा केरेडारी सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सरिता बहन के निर्देशन में 17 जून से 26 जून 2026 तक केरेडारी में सप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत आस-पास के स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्राओं एवं युवाओं के बीच संकल्प पत्र एवं हस्ताक्षर अभियान चलाकर नशा छोड़ने की प्रेरणा दी गई, बीके भीम भाई ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशे की शुरूआत शौक या दोस्तों के दबाव से होती है लेकिन धीरे-धीरे लत बनकर व्यक्ति की इच्छाशक्ति छीन लेती है, शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट जैसे मादक पदार्थ शरीर को बीमार बनाते हैं, मन की शांति छीनते हैं और आर्थिक-सामाजिक-पारिवारिक समस्याओं का कारण बनते हैं, उन्होंने कहा कि नशे से बचाने के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी हथियार है और परिवार, विद्यालय, समाज व धार्मिक संस्थाओं को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, ब्रह्माकुमारीज 90 वर्षों से राजयोग ध्यान, आध्यात्मिक शिक्षा और नैतिक मूल्यों के माध्यम से लोगों को नशा मुक्त जीवन की प्रेरणा दे रही है क्योंकि जब मन आत्मिक शक्ति से भर जाता है तो बाहरी नशों की जरूरत नहीं रहती, अभियान के दौरान राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय केरेडारी, एन.एस. सी. बोस इंस्टीट्यूट पगार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया और पीएम श्री उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय बेलतु सहित लगभग 2000 विद्यार्थियों ने जीवनभर नशा न करने और अपने परिवार, समाज व पर्यावरण को नशामुक्त रखने का संकल्प लिया।

# मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं प्रमाणिक बनाने में वालंटियर निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को रविन्द्र भवन टाउन हॉल, पाकुड़ में वालंटियरों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, बीएलओ एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों के वालंटियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 निर्वाचन आयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन एवं विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने कहा कि वालंटियरों को बीएलओ के




साथ इसलिए जोड़ा गया है ताकि वे तकनीकी कार्यों, डिजिटल प्रक्रिया एवं घर-घर सत्यापन अभियान में प्रभावी सहयोग प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि जिले के बीएलओ वर्षों से निर्वाचन संबंधी कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। वालंटियरों का दायित्व है कि वे उनके साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक कार्य को पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। उपायुक्त ने प्रशिक्षण के दौरान विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं विशेष गहन पुनरीक्षण के बीच का अंतर स्पष्ट करते हुए बताया कि सामान्यतः एसएसआर के दौरान नए मतदाताओं का नाम जोड़ना, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाना तथा आवश्यक संशोधन किए जाते हैं, जबकि एसआईआर के अंतर्गत वर्तमान मतदाता सूची में शामिल प्रत्येक मतदाता का व्यक्तिगत सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति भारत का नागरिक हो तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी पात्रताओं को पूरा करता हो। प्रत्येक मतदाता का सत्यापन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2003 में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तैयार सत्यापित मतदाता सूची भी इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है। वर्तमान मतदाताओं का वर्ष 2003 की सूची में दर्ज उनके माता-पिता, दादा-दादी अथवा नाना-नानी के नामों से संबंध स्थापित कर सत्यापन को और अधिक प्रमाणिक बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में बीएलओ द्वारा अधिकांश मतदाताओं की प्रारंभिक मैपिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जिससे सत्यापन कार्य में तेजी आएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चरणबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाएगा। इसके तहत 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता का सत्यापन किया जाएगा। 05 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा, जिसके पश्चात 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 03 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा तथा सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने के उपरांत 07 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## एक नजर

### साहिबगंज में मासिक लोक अदालत का हुआ आयोजन

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को साहिबगंज न्यायालय एवं राजमहल अनुमंडल न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर कुल 17 वादों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से लंबित मामलों के शीघ्र समाधान में सहायता मिली तथा पक्षकारों को त्वरित, सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज विश्वनाथ भगत ने लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक अदालत विवादों के निपटारे का एक प्रभावी मंच है, जहां आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से मामलों का शांतिपूर्ण समाधान किया जाता है। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, विभिनन विभागों के प्रतिनिधि एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

### जाली नोट मामले में कर्नाटक पुलिस राजमहल पहुंची

**साहिबगंज:** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र में जाली नोट मामले में कर्नाटक पुलिस शुक्रवार को यहां पहुंची है। जानकारी के अनुसार कर्नाटक के गडग टाउन थाना पुलिस 2016 के एक जाली नोट के मामले में आरोपी के खिलाफ नॉन वैल्युएबल वारंट लेकर पहुंची है। कर्नाटक पुलिस आरोपी की तलाश में स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र के मजहर टोला गांव में छापेमारी अभियान चलाया। कर्नाटक के गडग टाउन थाना में कांड संख्या 77/16 के तहत जाली नोट से संबंधित केस दर्ज है। अनुसंधान के दौरान पुलिस को इस मामले में चार आरोपियों की संलिप्तता की जानकारी मिली थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**साहिबगंज:** जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत भगैया-मिर्जाचौकी मुख्य मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, भगैया-मिर्जाचौकी मुख्य मार्ग पर एक व्यक्ति दुर्घटना का शिकार होकर सड़क पर पड़ा हुआ था। इसी दौरान वहां से गुजर रही मिर्जाचौकी थाने की पुलिस पेट्रोलिंग (गश्ती) गाड़ी की नजर उस घायल व्यक्ति पर पड़ी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पेट्रोलिंग टीम ने बिना समय गंवाए तत्परता दिखाई। पुलिस कर्मियों ने घायल व्यक्ति को तुरंत अपनी गश्ती गाड़ी पर लेटाया और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल रवाना हो गए। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ की स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है।अस्पताल ले जाए जाने के दौरान घायल व्यक्ति की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई थी, जिसके कारण वह अपना नाम और पता बताने में असमर्थ था। फिलहाल पुलिस घायल की पहचान सुनिश्चित करने और उसके परिजनों से संपर्क साधने का प्रयास कर रही है। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस दुर्घटना या घायल व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले, तो तुरंत मिर्जाचौकी थाने को सूचित करें।

## नन बैंकिंग कंपनी पर लाखों की ठगी के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बोरियो प्रखंड क्षेत्र में मां रानी क्रेडिट कॉपरेटिव लिमिटेड नन बैंकिंग कम्पनी के विरोध में प्रखंड के मोती पहाड़ी साईफन टोला के दर्जनों खाता धारकों ने एजेंट एवं निदेशक के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन किया। मोती पहाड़ी के उमाकांत पंडित सहित दर्जनों लोगों ने कम्पनी पर धोखाधड़ी कर जमा राशि हड़पने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार मोती पहाड़ी के कई ग्रामीणों ने साहिबगंज गुली भट्टा में अवस्थित नन बैंकिंग कम्पनी माँ रानी क्रेडिट कॉपरेटिव लिमिटेड में खाता खुलवाया। 22 खाताधारियों से लगभग पांच लाख पचहत्तर हजार रूपए स्थानीय एजेंट अरविंद पंडित ने अधिक व्याज का प्रलोभन देकर उनके खाते खुलवाए। अंतिम बार 13 मई




2026 को राशि जमा की गयी। खाता धारियों ने अपनी जमा पूंजी की निकासी की मांग की गयी, तो एजेंट ने साहिबगंज जाकर राशि निकालने की बात कहा गया। जमा कताओं ने जब सोसाईटी जाकर पता किया, तो कार्यालय में ताला जड़ा मिला। सोसाईटी के निदेशक संजय कुमार द्वारा उनकी राशि लेकर फरार बताया गया। मोती पहाड़ी के उमाकांत पंडित ने बोरियो थाना प्रभारी को आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि आवेदन की जांच की जा रही है।

## प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट का विधायक प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रखंड स्तरीय द्वितीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल टूर्नामेंट 2026-27 का आयोजन शनिवार को मटियाल आउटडोर स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू, बीपीओ कुणाल किशोर, जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। यू-12 बालिका वर्ग में सेंट जोन बर्चमन्स मिडिल स्कूल, मुंडली की टीम ने



शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं यू-12 बालक वर्ग में भी सेंट जोन बर्चमन्स मिडिल स्कूल, मुंडली ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। यूएमएस जमालपुर की टीम उपविजेता रही, जबकि यूएचएस जामनगर की टीम तीसरे स्थान पर रही। दोनों वर्गों में सेंट जोन बर्चमन्स की सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है। समापन समारोह में विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। इससे अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन आवश्यक है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अगले स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर प्रखंड एवं जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। मंच संचालिन जगदेव महतो ने किया।

## मुहर्रम पर शांतिपूर्ण निकले 38 ताजिया जुलूस आज चार और जुलूसों पर कड़ी निगरानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में मुहर्रम पर्व की दसवीं पर शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 38 ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में निकाले गए। इनमें 17 लाइसेंसी और 21 गैर-लाइसेंसी ताजिया जुलूस शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर सभी जुलूसों के दौरान व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई और भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की तैनाती की गई। पुलिस के अनुसार नगर थाना क्षेत्र में 3, पाकुड़िया में 19, महेशपुर में 13, अमड़ापाड़ा में 1, मालपहाड़ी में 1 तथा रद्दीपुर ओपी क्षेत्र में 1 ताजिया जुलूस निकाला गया। सभी जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। वहीं शनिवार को मुहर्रम



के अवसर पर हिरणपुर थाना क्षेत्र में तीन तथा लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र में एक, कुल चार ताजिया जुलूस निकाले जाने हैं। इसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मस्जिदों, धार्मिक स्थलों, ताजिया जुलूस मार्गों, संवेदनशील इलाकों तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिले के सभी थाना एवं ओपी में 15 क्विक रिस्पांस टीम को दंगारोधी उपकरणों के साथ तैयार रखा गया है। वहीं जुलूसों की निगरानी के लिए ड्रोन, सीसीटीवी कैमरों और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। पुलिस सोशल मीडिया और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी लगातार नजर बनाए हुए है। पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

## घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट का आरोप एसपी से लगाई न्याय की लगाई गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहेट थाना क्षेत्र की एक महिला ने घर में घुसकर मारपीट, गला दबाने का प्रयास और नकदी लूट लेने का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी अनुसार बरहेट थाना क्षेत्र के सिमलढाब गांव निवासी दिलबहार बीबी ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में गांव के ही अजमल अंसारी पर गंभीर आरोप लगाया हैं। पीड़िता का आरोप है कि 26 जून की सुबह करीब आठ बजे आरोपी जबरन उनके घर में घुस आया और अभद्र व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर उसने गला दबाने का प्रयास किया तथा लाठी, लात और घूंसों से मारपीट की। महिला का यह भी आरोप है कि आरोपी ने घर में



संचालित उनकी छोटी दुकान में तोड़फोड़ की और गल्ले में रखे करीब 15 हजार रुपये निकाल लिए। जाते समय आरोपी ने घटना की शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। महिला ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने बरहेट थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर उन्हें पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगानी पड़ी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## हूल दिवस की तैयारियों का डीसी-एसपी ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आगामी 30 जून को आयोजित होने वाले हूल दिवस के सफल, सुरक्षित एवं गरिमामय आयोजन को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे एवं पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने आज भोगनाडीह स्थित अमर शहीद सिदो-कान्हू मुर्मू स्मृति स्थल एवं सिद्धो-कान्हू मुर्मू पार्क का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हूल दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की



असुविधा न हो, इसके लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, सौंदर्यीकरण, सजावट तथा श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्मृति स्थल एवं पार्क परिसर में पर्याप्त संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था करने, दोनों स्थलों पर पेयजल डिस्पेंसर एवं पानी के टैंकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने शौचालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखने, आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, दिशा-सूचक बोर्ड लगाने तथा कार्यक्रम के दिन चौबीसों घंटे सफाई कमीर्यों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर की साफ-सफाई, घास की कटाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य 29 जून तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए। साथ ही मुख्य प्रवेश द्वार, रेलिंग एवं पूरे परिसर को फूल-मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाने के निर्देश दिए। रात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने अतिरिक्त हैलोजन, स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट की जांच कर उन्हें पूर्णतः क्रियाशील रखने तथा वैकल्पिक पावर बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त कराने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि हूल दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्मृति स्थल एवं पार्क परिसर में पहुंचते हैं। इसे देखते हुए भीड़ प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सुव्यवस्थित रखने एवं श्रद्धालुओं की सतत आवाजाही बनाए रखने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिवसीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आज से शुभारंभ



**साहिबगंज:** जिले में आज से तीन दिवसीय उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ होगा। इसके तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 2 लाख 64 हजार 166 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। रविवार को इसका उद्घाटन उधवा प्रखंड क्षेत्र के गोलढाब में सुबह 10 बजे उपायुक्त करेंगे। डीडीसी बोरियो तेतरिया पहाड़ में उद्घाटन करेंगे, डॉ किरण माला बरहेट, पतना व बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में उद्घाटन, सिविल सर्जन व स्टेट टीम डॉ मुकेश मिश्रा तालझारी, राजमहल व उधवा में उद्घाटन करेंगे। उधवा प्रखंड क्षेत्र के गंगा नदी पार करके प्राणपुर पंचायत के गोलढाब गांव जाना पड़ता है। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने बताया कि इसके लिए जिला भर में 1411 बूथ बनाये गए हैं। शहरी क्षेत्र में बूथ 85, ग्रामीण में 1248 बूथ है। 1333 टीम हाउस होल्डर के लिए लगाया गया है। 28 जून को बूथ में ही बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उसके बाद हाउस टू हाउस पिलाया जाएगा। मोबाइल टीम शहरी इलाके हटिया, बस स्टैंड व मुख्य रास्ते में ये टीम 48 है, जो इन जगहों में बनाया गया है। चलता फिरता बूथ 30 है। वहीं 2882 टीम वैक्सीनेशन के लिए लगाई जाएगी। अभियान की सफलता के लिए 1483 वैक्सिनेटर व 311 सुपरवाइजर प्रतिनियुक्त किये गए हैं। 3 लाख 37 हजार पोलियो डोज आया है। शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना है। वही शनिवार को पुराना सदर अस्पताल से जागरूकता रैली निकाल लोगों को जागरूक किया गया। वही सभी प्रखंडों में माइकिंग करके जागरूक किया जा रहा है। सीएस डॉ रामदेव पासवान ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मौके पर डॉ किरण माला, डॉ मुकेश कुमार, डॉ. महमूद आलम, डॉ सतीबाबू डाबडा व स्वास्थ कर्मी मौजूद थे। शहरवासी बूथ में आकर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाए ओर जिला प्रदेश व देश को सुरक्षित बनाए। कोई बच्चा पोलियो रोगी से ग्रसित न हो।

### अमड़ापाड़ा में सुब्रोतो कप और लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**अमड़ापाड़ा :** प्रखंड संसाधन केंद्र, अमड़ापाड़ा की ओर से सुब्रोतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता एवं लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 के प्रखंड स्तरीय आयोजन को लेकर निर्देश जारी किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन 29 जून और 1 जुलाई 2026 को किया जाएगा। प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों को 29 जून की सुबह 8 बजे तक प्रखंड संसाधन केंद्र में अपने विद्यालय की टीम का पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया है। यह जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने पत्र जारी कर दी।

### जंगलपाड़ा में बदली गई जर्जर बिजली लाइन ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

**साहिबगंज:** उधवा प्रखंड के राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगलपाड़ा गांव में लंबे समय से जर्जर विद्युत तार और पुराने बिजली पोल ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बने हुए थे। आए दिन दुर्घटना की आशंका के बीच ग्रामीणों को सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही थी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए समाजसेवी



यूसुफ शेख एवं अजीजुर इस्लाम ने पहल करते हुए संबंधित विभाग के निदेशक एवं सचिव के समक्ष इस मामले को प्रमुखता से उठाया और शीघ्र समाधान की मांग की।समाजसेवियों की लगातार पहल और विभाग से समन्वय के बाद बिजली विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 जून को जंगलपाड़ा में लगभग 2 किलोमीटर तक नई 11 केवी विद्युत लाइन बिछाने तथा नए बिजली पोल स्थापित करने का कार्य पूरा किया। बताया गया कि शिकायत के बाद विभाग ने मात्र सात दिनों के भीतर इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा कर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी।ग्रामीणों के अनुसार पुराने तार और पोल काफी जर्जर हो चुके थे। तेज हवा या बारिश के समय तार टूटने और पोल गिरने का खतरा बना रहता था, जिससे जान-माल की हानि की आशंका हमेशा बनी रहती थी। नई लाइन और मजबूत पोल लगाए जाने के बाद अब लोगों को सुरक्षित एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलने की उम्मीद है। इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कराने में कनीय अभियंता चंदन कुमार तथा ए.सी. डॉ. नथरंजन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय लोगों ने दोनों अधिकारियों के साथ-साथ समाजसेवी यूसुफ शेख एवं अजीजुर इस्लाम के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि नई विद्युत लाइन और पोल लगने से न केवल दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी, बल्कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी अधिक सुरक्षित और निर्बाध होगी, जिससे आम लोगों के साथ-साथ किसानों, विद्यार्थियों और छोटे व्यवसायियों को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर समाजसेवी यूसुफ शेख और अजीजुर इस्लाम ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे आगे भी इसी तरह सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, बेहतर बुनियादी सुविधाओं और आम जनता के हित से जुड़े मुद्दों को संबंधित विभागों तक लगातार पहुंचाते रहेंगे, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी बिजली विभाग इसी तरह संवेदनशीलता के साथ क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करता रहेगा, जिससे गांवों में विकास की गति और तेज होगी।

### धतकीडीह तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के धतकीडीह तालाब से शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सुबह तालाब में शव तैरता देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही बिष्टुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और शव की शिनाख्त के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। बिष्टुपुर थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि व्यक्ति की मौत डूबने से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल बिष्टुपुर थाना को सूचित करें,ताकि उसकी पहचान सुनिश्चित कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके।

# झारखंड मॉडल यूनाइटेड नेशंस का भव्य शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो द्वारा भाई नंदलाल जी सभागार में आयोजित दो दिवसीय झारखंड मॉडल यूनाइटेड नेशंस–Rewriting the Future का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ हुआ। झारखंड के लगभग 15 प्रतिष्ठित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से 222 प्रतिनिधियों का पंजीकरण इस सम्मेलन के लिए हुआ। यह सम्मेलन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, कूटनीतिक सोच, वैश्विक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन तथा प्रभावी संवाद-कौशल विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण, विशिष्ट अतिथि के



रूप में गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव एस. पी. सिंह, विशेष अतिथि के रूप में गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी, कांड्रा के निदेशक प्रियदर्शी जरूहार , विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक कुमार एवं उपप्राचार्य अमोलक सिंह उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत दीप प्रज्ज्वलन, प्रार्थना गीत एवं मनमोहक स्वागत नृत्य के साथ सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विरंची नारायण ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि आज राजनीति को लोग प्रायः नकारात्मक दृष्टि से देखते हैं, जबकि राष्ट्र और समाज के समग्र विकास के लिए शिक्षित, जागरूक, संवेदनशील एवं दूरदर्शी युवाओं का राजनीति और नीति-निर्माण में आगे आना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खलटवठ जैसा मंच युवाओं को विभिन्न देशों की समस्याओं, वैश्विक चुनौतियों और समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करता है। यह सम्मेलन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, आत्मविश्वास, तार्किक अभिव्यक्ति और वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागी केवल प्रतियोगिता के लिए नहीं, बल्कि सीखने, विचारों के आदान-प्रदान तथा एक जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनने की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से यहाँ एकत्र हुए हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य के सशक्त नेतृत्व का निर्माण करते हैं। सम्मेलन में JLA, IPC, UNGA, UNSC एवं लोकसभा जैसी विभिन्न समितियों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। प्रतिनिधि विभिन्न देशों एवं संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करेंगे तथा संसदीय एवं कूटनीतिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे।

## भीम आर्मी ने महापौर को ज्ञापन सौंपकर 'प्राथमिक विद्यालय स्पेशल हरिजन' का नाम बदलने की मांग की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भीम आर्मी, बोकारो महानगर के अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चास नगर निगम के महापौर माननीय भोलू पासवान जी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर जनहित में किए जा रहे कार्यों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने चास नगर निगम के वार्ड संख्या-20 स्थित "प्राथमिक विद्यालय स्पेशल हरिजन" का नाम बदलकर "संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्राथमिक विद्यालय" किए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि "स्पेशल हरिजन" जैसे शब्दों का प्रयोग वर्तमान समय में अनुचित एवं असम्मानजनक माना जाता है। भारत सरकार तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा भी ऐसे शब्दों के प्रयोग से बचने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



इसके बावजूद विद्यालय के नाम में इस शब्द का उपयोग होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और यह सामाजिक समानता एवं सम्मान की भावना के अनुरूप नहीं है। महापौर माननीय भोलू पासवान जी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी तथा विद्यालय के नाम परिवर्तन हेतु हरसंभव प्रयास किया जाएगा। भीम आर्मी ने आशा व्यक्त की कि नगर निगम सामाजिक न्याय एवं संविधान की भावना का सम्मान करते हुए विद्यालय का नाम शीघ्र परिवर्तित करेगा। मिलने वाले मे कोषाध्यक्ष शम्भु दास, महासचिव रवि शंकर सिंह, अनिल कुमार, शंकर कुमार उपास्थि रहें।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल में लगा टीएलएम का प्रदर्शनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 रानी पोखर में शनिवार को टीचर लर्निंग मेथड को लेकर पहली बार शिक्षकों की ओर से टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विभिन्न विषयों के शिक्षकों ने अपने स्तर से छोटे बच्चों को पढ़ाने की विधि को लेकर इस प्रदर्शनी में अपना प्रोजेक्ट तैयार किया। स्कूल के प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया। साथ ही प्रदर्शनी के दौरान समारोह के मुख्य अतिथि साइंस फॉर सोसाइटी के सचिव राजेंद्र कुमार, बीएसएल नगर सेवा जलापूर्ति विभाग के एजीएम बीजू पी के,विशिष्ट अतिथि एसके राय व राम अयोध्या सिंह ने शिक्षकों की ओर से प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न विषयों का प्रोजेक्ट का अवलोकन कर विभिन्न प्रोजेक्ट का मूल्यांकन भी किया। जिसमें नर्सरी, एलकेजी व प्रेप जूनियर ग्रुप में हिंदी अंग्रेजी व गणित विषय का



प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। इसके अतिरिक्त सीनियर कक्षा में साइंस ,सामाजिक विज्ञान, मैथ्स, संस्कृत व हिंदी समेत कंप्यूटर विषय का प्रोजेक्ट देखकर अभिभावक भी काफी खुश दिखे। जिसमें अभिभावकों ने शिक्षकों की ओर से बनाए गए प्रोजेक्ट की सराहना की व बच्चों को सरल तरीके से पढ़ाने की विधि को देखकर काफी खुश हुए' हिंदी विषय में शिक्षिका विभा रानी गीता सिंह उषा सिंह व आरती कुमारी ने अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। अंग्रेजी विषय में ममता कुमारी, माधुरी कुमारी ,शकुंतला देवी, वीणा कुमारी ,अंग्रेजी को सरल तरीके से पढ़ाने की प्रोजेक्ट को प्रस्तुत किया। सामाजिक विज्ञान विषय को साक्षी कुमारी बबिता कुमारी विज्ञान विषय को प्रवीण कुमार ने विज्ञान को सरल तरीके से पढ़ाने की विधि को बताया। कंप्यूटर विषय में शिक्षिका आशू, सीमा कुमारी व रीना कुमारी ने कंप्यूटर पढ़ाने की विधि को बताया। मौके पर रॉयल पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रूपम गुप्ता उप प्राचार्य आलोक चतुर्वेदी कृष्णनंदन विश्वजीत शर्मा समेत अन्य शिक्षक शामिल रहे।

## गोबरघुसी अग्निकांड पीड़ित परिवार को मिली राहत, विधायक प्रतिनिधि ने सौंपा सहायता सामग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के गोबरघुसी गांव में 20 जून की देर रात हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित परिवार को प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की पहल पर तत्काल राहत उपलब्ध कराई गई। शुक्रवार रात करीब 12 बजे निर्मल सिंह के फूस (पुआल) से बने मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घर में रखे अनाज, कपड़े, घरेलू उपयोग की सामग्री तथा अन्य आवश्यक सामान जलकर राख हो गए। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। परिजनों ने बताया कि तेज गर्मी का एहसास होने पर उनकी नींद खुली। बाहर निकलने पर देखा कि मकान की छत धू-धू कर जल रही थी। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी



मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति जल चुकी थी, जिससे परिवार के सामने आवास और आजीविका का संकट खड़ा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मामले को गंभीरता से लिया और अपने प्रतिनिधियों को तत्काल घटनास्थल भेजा। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने 20 सूत्रीय अध्यक्ष कालीपद महतो, जितुलाल मुर्मू, सुफल टुडू, लाल मोहन सिंह एवं कालीराम सिंह के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने खाद्यान्न सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान की तथा परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि सरकारी प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार को आवश्यक राहत दिलाने के लिए प्रशासन से समन्वय किया जा रहा है। साथ ही अबुआ आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

## डॉ. बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान की बाल संस्कार केंद्र शिक्षिकाओं की जून कार्यशाला संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हरि ॐ, संघ के स्वयंसेवकों के माध्यम से डॉ. बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र चलाने वाले शिक्षक मातृशक्ति की जून माह की कार्यशाला होटल आकाश पैलेस गया रोड बरही में आयोजित की गई। एक पुरहारा की शिक्षिका कंचन देवी अपरिहार्य कारण से मायके जाने के नाते मात्र चार शिक्षिकाओं के बीच ही कार्यशाला संपन्न हुई। क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने विगत संपन्न माह की उपस्थिति पुस्तिका का बारीकी से अवलोकन, संपन्न योग दिवस का अनुभव कथन एवं आगामी जुलाई माह के पाठ्यक्रम के अनुसार संस्कार केंद्र के बच्चों के बीच सुभाषित, अमृतवचन, बोधकथा, समसामयिक कविता, व्यायाम योग, खेल आदि का अभ्यास कराया, इस बार भी



विशेष रूप से माह के दूसरे मंगलवार को संस्कार केंद्र में उत्सव के रूप में और विस्तृत रूप से मनाए जाने पर चर्चा हुई, विशेष रूप से आज हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव पर सभी बाल संस्कार केंद्रों में छत्रपति शिवाजी से संबंधित बाल कथा-कहानी सुनाई गई, शिवाजी व्यावसायिक बरही शाखा के सेवा कार्यकर्ता डॉ. बिनोद साव ने बच्चों को स्वास्थ्य के लिए अनेक नुस्खे बताए और पश्चात कल्याण मंत्र के साथ कार्यशाला पूर्ण हुई।

# पलामू में भाजपा ने मनाया 'संविधान हत्या दिवस' आपातकाल को बताया लोकतंत्र का काला अध्याय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** आपातकाल के 51 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को देशभर की तरह झारखंड के पलामू में भी 'संविधान हत्या दिवस' मनाया। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए और अपने-अपने विचार रखे। मेदिनीनगर स्थित दीनदयाल सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लागू कर लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक मूल्यों को क्षति पहुंचाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आज संविधान की बात करती है, जबकि आपातकाल उसके राजनीतिक इतिहास का ऐसा अध्याय है जिसे



भुलाया नहीं जा सकता। आदित्य साहू ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र और संविधान में आस्था रखने वाले अनेक लोगों को मीसा (मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और उन्हें प्रताड़नाएं झेलनी पड़ीं। साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले 12 वर्षों से सुशासन, सेवा और जनकल्याण की दिशा में कार्य कर रही है तथा गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने इस मौके पर कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है। उनके अनुसार उस दौर में संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को गंभीर आघात पहुंचा, जिसका राजनीतिक परिणाम भी बाद में सामने आया। उन्होंने जनसेवा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि स्वार्थ की राजनीति से देश और समाज दोनों का नुकसान होता है। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आपातकाल के दौरान अनेक लोगों को बिना उचित कारण गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर लोगों का विश्वास प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि बाद में जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से अपना निर्णय दिया। प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्र ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र और संविधान पर एक गंभीर आघात था, जिसकी स्मृति आज भी लोगों के मन में बनी हुई है। कार्यक्रम में मीसा बंदी रहे तारकेश्वर आजाद, रविशंकर पांडे तथा अन्य वक्ताओं ने भी आपातकाल के दौरान अपने अनुभव साझा किए और उस समय की परिस्थितियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्र और मनोज सिंह, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, मेयर अरुण शंकर, पूर्व मंत्री कमलेश सिंह तथा वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे सहित कई नेता शामिल हुए।

## एक नजर

### तेनुघाट लोक अदालत में छह मामलों का निष्पादन 15 हजार जुर्माना वसूला




**तेनुघाट :** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में शनिवार को आयोजित मासिक लोक अदालत में कुल छह मामलों का निष्पादन किया गया तथा 15 हजार रुपये जुर्माना राशि वसूल की गई। सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं जिला जज बोकारो के निदेर्शानुसार आयोजित इस लोक अदालत के सफल संचालन के लिए तीन बेंच गठित किए गए थे। प्रथम बेंच में कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश प्रेम नाथ पाण्डेय एवं अधिवक्ता प्रशांत पाल, दूसरे बेंच में जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता सुजीत कुमार जायसवाल तथा तीसरे बेंच में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय एवं अधिवक्ता नीरज कुमार मौजूद रहे। इसकी जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति की सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

### शराब के नशे में बेटे ने टांगी से काटकर पिता की हत्या



**बोकारो:** गोमिया प्रखंड के तिलैया पंचायत स्थित कारीपानी गांव में शुक्रवार देर रात शराब के नशे में बेटे ने अपने ही पिता की टांगी से वार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 63 वर्षीय जयलाल करमाली के रूप में हुई है। बताया गया कि शराब पीकर घर लौटे अर्जुन करमाली को पिता ने नशे की आदत छोड़ने की सलाह दी, जिससे नाराज होकर उसने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त टांगी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### डीसी का औचक निरीक्षण, वित्तीय अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**बोकारो :** उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को समाहरणालय स्थित जिला नजारत कार्यालय और कैंप टू स्थित भवन प्रमंडल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वित्तीय कार्यों और अभिलेखों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य वित्तीय नियमों के अनुरूप और पारदर्शी तरीके से किए जाएं। डीसी ने कहा कि भ्रष्टाचार या अनियमितता पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान नजारत कार्यालय के रोकड़ पंजी, स्टॉक पंजी और अन्य अभिलेखों की जांच की गई। उन्होंने सभी पंजीयों को अद्यतन रखने और नियमित संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, 1 जुलाई से जिला लेखा जांच समिति द्वारा विस्तृत जांच कराने की घोषणा की गई। भवन प्रमंडल कार्यालय में वायरल वीडियो मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने विस्तृत जांच के आदेश दिए और एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### सेल अध्यक्ष ने खदानों का किया निरीक्षण, 2030 तक उत्पादन लक्ष्य दोहराया



**बोकारो :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. ए. के. पांडा ने ओडिशा एवं झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस का दौरा कर खनन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बरसुआ, तालडीह, कालता, बोलानी, गुआ, किरीबुरू और मेघाहातुबुरू लौह अयस्क खदानों का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। किरीबुरू स्थित लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर में आयोजित समीक्षा बैठक में सुरक्षा, उत्पादन वृद्धि, खदान विकास, डिजिटल परिवर्तन और परिचालन उत्कृष्टता पर चर्चा हुई। डॉ. पांडा ने वर्ष 2030–31 तक 35 मिलियन टन क्रूड स्टील उत्पादन क्षमता हासिल करने तथा कैप्टिव खदानों से प्रतिवर्ष 100 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन का लक्ष्य दोहराया। उन्होंने कहा कि मजबूत खनन परिचालन से कच्चे माल की निर्बाध उपलब्धता, लागत प्रतिस्पर्धा और कंपनी की दीर्घकालिक विकास रणनीति को मजबूती मिलेगी। उन्होंने एआई आधारित डिजिटल तकनीकों के उपयोग, उत्पादकता, सुरक्षा और सतत खनन पद्धतियों को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया।

### दहेज के लिए प्रताड़ना से टूटी पिंकी ने मायके में की आत्महत्या, सड़क जाम



**गोमिया :** गोमिया प्रखंड के घरवाटांड़ क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां 22 वर्षीय पिंकी कुमारी ने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा लगातार दहेज में 'टाटा सायरा' गाड़ी की मांग और मानसिक–शारीरिक प्रताड़ना से वह बेहद परेशान थी। परिजनों के अनुसार पिंकी की शादी 29 अप्रैल को गोमिया पड़रिया निवासी संतोष यादव से हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद से उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। 23 जून को मारपीट के बाद वह गंभीर हालत में मायके लाई गई थी। 26 जून को उसने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने शव को गोमिया मोड़ पर रखकर मुख्य सड़क जाम कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना पर पहुंची तेनुघाट ओपी पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटवाया और कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पल्स पोलियो अभियान में रेल सिविल डिफेंस की टीम निभाएगी भागेदारी



**पूर्वी सिंहभूम :** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 से 30 जून तक चलने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम में रेल सिविल डिफेंस की टीम सक्रिय भूमिका निभाएगी। दो बूंद जिंदगी के, छूट न जाए, नन्हे–मुन्ने की जिंदगी रूठ न जाए संदेश के साथ टीम रेलवे क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में पहुंचकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएगी। अभियान की तैयारियों के तहत शनिवार को टाटानगर रेलवे अस्पताल में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रेल सिविल डिफेंस के सदस्यों को पोलियो की खुराक पिलाने की प्रक्रिया, सावधानियों और अभियान के संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को सुरक्षित और निर्धारित मानकों के अनुरूप पोलियो ड्रॉप पिलाने के तरीके समझाया गया। अभियान के पहले दिन 28 जून को विभिन्न निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। वहीं 29 और 30 जून को रेल सिविल डिफेंस की टीम रेलवे की साउथ सेटलमेंट, ट्रैफिक कॉलोनी, गोलपहाड़ी, खासमहल, बागबेड़ा समेत अन्य रेलवे कॉलोनियों में घर–घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएगी, जो बूथ तक नहीं पहुंच सके हैं। प्रशिक्षण शिविर में रेल सिविल डिफेंस की सदस्य सरस्वती मुर्मू, कंचन कुमारी, तेजीता, विनोद कुमार, रमेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, संजय कुमार मंडल, अमित कुमार सहित अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### लाल किला मैदान में जनजाति समागम-2026 का भव्य आयोजन




**बोकारो :** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में आयोजित जनजाति समागम–2026 में देशभर के 500 से अधिक जनजातीय समुदायों के लाखों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, लोकगीत, वाद्ययंत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति, परंपरा और अस्मिता का भव्य प्रदर्शन किया गया। समागम में वक्ताओं ने कहा कि जनजातीय समाज केवल प्रकृति का रक्षक नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना का जीवंत स्वरूप है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में जनजातीय समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आज के पर्यावरणीय संकट के दौर में उनका जीवन–दर्शन टिकाऊ विकास की प्रेरणा देता है। जनजाति सुरक्षा मंच ने बताया कि वर्ष 2009–10 में 26 राज्यों के 293 जिलों और 26,253 गांवों में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाकर 27.67 लाख हस्ताक्षर एकत्र किए गए थे। इसके बाद यह मांग राष्ट्रपति के समक्ष रखी गई और वर्ष 2011 से अब तक ग्राम संपर्क अभियान, रैलियों, जिला सम्मेलनों तथा विभिन्न जनजागरण कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान लगातार जारी है। मंच ने कहा कि धर्मांतरित अनुसूचित जनजाति समुदाय को आरक्षण एवं अल्पसंख्यक योजनाओं का दोहरा लाभ मिलने का मुद्दा लंबे समय से लंबित है। इस विषय पर प्रभावी निर्णय लेकर संवैधानिक समानता और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई गई। समागम का समापन जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान, परंपरागत आस्था, संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने के राष्ट्रीय आह्वान के साथ हुआ।

## संक्षिप्त डायरी

### मरीज ने मांगा पहचान पत्र तो कर्मियों से हुई नोकझोंक, DMCH में बिना आईडी कार्ड घूम रहे आयुष्मान कर्मी

**पटना (एजेंसी)** दरभंगा के डीएमसीएच में आयुष्मान भारत योजना से जुड़े कुछ कर्मियों के बिना आईडी कार्ड वार्ड में रजिस्ट्रेशन करने पर मरीज और परिजनों ने आपत्ति जताई. विवाद के बाद पहचान पत्र दिखाए जाने पर मामला शांत हुआ. दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) के मेडिसिन वार्ड में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब आयुष्मान भारत योजना से जुड़े कुछ कर्मी बिना पहचान पत्र के मरीजों के बीच रजिस्ट्रेशन करते नजर आए. एक मरीज और उसके परिजनों ने कर्मियों से आईडी कार्ड दिखाने की मांग की, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक हो गई. मरीज ने पूछा पहचान पत्र, बढ़ गया विवाद जानकारी के अनुसार, मेडिसिन वार्ड-1 में भर्ती एक मरीज के पास आयुष्मान कार्ड से संबंधित रजिस्ट्रेशन के लिए कुछ कर्मी पहुंचे. मरीज ने उनसे उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आईडी कार्ड दिखाने को कहा. परिजनों का कहना था कि अस्पताल के वार्ड जैसे संवेदनशील स्थान पर कार्यरत प्रत्येक कर्मी के पास पहचान पत्र होना चाहिए, ताकि मरीज और उनके परिजन यह जान सकें कि संबंधित व्यक्ति अधिकृत कर्मचारी हैं. पुलिसकर्मी होने की बात कहकर उठाया सुरक्षा का मुद्दा आरोप है कि शुरूआत में कर्मियों की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया. इस पर मरीज और परिजनों ने आपत्ति जताई. देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई. मरीज ने खुद को बिहार पुलिस में कार्यरत बताते हुए कहा कि बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति का अस्पताल के वार्ड में घूमना सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है. वरिष्ठ कर्मी के पहुंचने पर शांत हुआ मामला मामले की जानकारी मिलने के बाद आयुष्मान विभाग के एक वरिष्ठ कर्मी मौके पर पहुंचे. उन्होंने संबंधित कर्मी के पहचान संबंधी दस्तावेज और आईडी कार्ड दिखाया. इसके बाद मरीज और उनके परिजन शांत हुए तथा आयुष्मान योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का कार्य दोबारा शुरू कराया गया. उपाधीक्षक बोले, बिना आईडी कार्ड वार्ड में घूमना उचित नहीं डीएमसीएच के उपाधीक्षक डॉ. अमित कुमार झा ने कहा कि बिना आईडी कार्ड के वार्ड में घूमना उचित नहीं है. उन्होंने बताया कि संबंधित कर्मियों को पहचान पत्र साथ रखने का निर्देश दिया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो.

### खान सर की गिरफ्तारी पर अब 30 जून तक लगी रहेगी रोक, केस डायरी पढ़ने के लिए मिला 3 दिनों का समय

**पटना (एजेंसी):** खान सर की गिरफ्तारी पर फिलहाल 30 जून तक रोक लगा दी गई है. अदालत ने मामले में केस डायरी पढ़ने के लिए 3 दिनों का समय दिया है. अब अगली सुनवाई और आगे की कार्रवाई पर सभी की नजर टिकी है पटना सिविल कोर्ट में कोचिंग विवाद और फायरिंग मामले में फैजल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई. इस दौरान कदमकुआं थाना पुलिस ने अदालत में अपडेटेड केस डायरी दाखिल की गई. हालांकि कोर्ट ने केस डायरी का अध्ययन करने के लिए पक्षकारों को समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 30 जून तय कर दी है. केस डायरी पढ़ने के लिए कोर्ट ने दिया समय सुनवाई के दौरान खान सर की ओर से दलील दी गई कि लगातार सुनवाई टल रही है और मामले पर आज ही बहस होनी चाहिए. जबकि सरकारी वकील और शिकायतकर्ता पक्ष के वकील ने अपडेटेड केस डायरी का अध्ययन करने के लिए समय मांगा. दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अदालत ने तीन दिन का समय देते हुए अगली सुनवाई 30 जून निर्धारित की. फिलहाल अंतरिम संरक्षण रहेगा जारी अदालत ने आदेश दिया है कि 30 जून तक खान सर को मिली अस्थायी सुरक्षा जारी रहेगी. इसका मतलब है कि अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ कोई सख्त या कानूनी कार्रवाई नहीं होगी. बॉडीगार्ड की जमानत पर भी साथ होगी सुनवाई मामले में गिरफ्तार खान सर के दोनों बॉडीगार्ड फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं. उनकी नियमित जमानत याचिका पर भी 30 जून को ही सुनवाई होगी. कोर्ट ने दोनों मामलों को एक साथ टैग कर दिया है ताकि एक साथ सुनवाई की जा सके. अपडेट केस डायरी से बढ़ सकती हैं मुश्किलें पुलिस की ओर से दाखिल नई केस डायरी में दावा किया गया है कि फायरिंग आत्मरक्षा में नहीं की गई थी. केस डायरी के अनुसार दोनों बॉडीगार्ड ने कथित तौर पर खान सर के कहने पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोली चलाई थी. ऐसे में अपडेटेड केस डायरी से खान सर की कानूनी मुश्किलें बढ़ सकती हैं. इससे पहले हुई सुनवाई में पुलिस ने अधूरी केस डायरी पेश की थी. इसी वजह से अदालत ने विस्तृत और अपडेटेड केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था. अब नई केस डायरी अदालत में दाखिल हो चुकी है, जिस पर अगली सुनवाई के दौरान विस्तार से बहस होगी. 20 जून को हुई सुनवाई में पटना सिविल कोर्ट ने खान सर को अंतरिम राहत देते हुए निर्देश दिया था कि अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाए. इसी आदेश के कारण फिलहाल उनकी गिरफ्तारी पर रोक बनी हुई है. स्टाफ के तीन सदस्यों को भी मिली राहत अदालत ने खान सर से जुड़े स्टाफ के तीन अन्य सदस्यों को भी अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था. कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ भी कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी. वकील ने क्या कहा खान सर के अधिवक्ता अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि अदालत ने फिलहाल गिरफ्तारी से संरक्षण दिया है. अब अपडेटेड केस डायरी और रिकॉर्ड में मौजूद अन्य दस्तावेजों की समीक्षा के बाद अदालत अग्रिम जमानत पर अंतिम फैसला करेगी. खान सर ने आरोपों को बताया गलत अग्रिम जमानत याचिका में खान सर ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है. उनका कहना है कि फायरिंग की घटना में उनकी कोई भूमिका नहीं थी और उन्हें इस मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है.

### सीतामढ़ी में मुहर्रम जुलूस के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प

**पटना (एजेंसी)** सीतामढ़ी के परिहार प्रखंड में मुहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान ताजिया आगे बढ़ाने को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई. दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोगों के घायल होने की सूचना है. : सीतामढ़ी जिले के परिहार प्रखंड में मुहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई. ताजिया आगे बढ़ाने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया. दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोगों के घायल होने की सूचना है. महुआवा और महादेवपट्टी गांव के लोगों के बीच हुआ विवाद जानकारी के अनुसार, महुआवा और महादेवपट्टी गांव का ताजिया जुलूस जब जगदर गांव स्थित रैन पर पहुंचा, तभी ताजिया आगे बढ़ाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई. देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब आधे घंटे तक दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट होती रही. लोग एक-दूसरे को दौड़ाकर पीटते नजर आए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. पुलिस की मौजूदगी पर उठे सवाल स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल नजर नहीं आया. इससे स्थिति कुछ समय तक तनावपूर्ण बनी रही. हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से घटना को लेकर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था. घायलों की संख्या और उनकी स्थिति के संबंध में भी प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है.

# भारत-नेपाल सीमा पर मुहर्रम जुलूस में बवाल, ताजिया के दौरान पथराव; आधा दर्जन घायल

**पटना (एजेंसी)** अररिया के जोगबनी में मुहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान करबला मैदान में अचानक पथराव हो गया। घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए और कई दुकानों के शीशे टूट गए। पुलिस और एसएसबी ने हालात पर काबू पा लिया है। वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। भारत-नेपाल सीमा से सटे बिहार के अररिया जिले के जोगबनी में शुक्रवार को मुहर्रम के अवसर पर निकाले गए ताजिया जुलूस के दौरान अचानक हुए उपद्रव से अफरा-तफरी मच गई। चाणक्य चौक स्थित करबला मैदान में नेपाल के रानी (मटियरवा) क्षेत्र से पहुंचे ताजिया जुलूस के दौरान विवाद के बाद पथराव शुरू हो गया। इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जबकि आसपास की कई दुकानों के शीशे



भी टूट गए। घटना के बाद कुछ समय के लिए पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करबला मैदान में जोगबनी के विभिन्न मोहल्लों से आए ताजिया जुलूस पहले से मौजूद थे। इसी बीच नेपाल की ओर से आए जुलूस के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। अचानक हुई इस घटना से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भगदड़ मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, जिससे कई लोग घायल हो गए। पथराव की चपेट में आने से आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा प्रशासन घटना की जानकारी मिलते ही जोगबनी के कार्यपालक पदाधिकारी मयंक कुमार, थानाध्यक्ष महादेव कामत और एसएसबी के अधिकारी हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और एसएसबी के जवानों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए भीड़ को नियंत्रित किया। अतिरिक्त सुरक्षा बल बुलाए जाने के बाद हालात पूरी तरह काबू में आ गए। उपद्रव करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। संवेदनशील इलाकों में बढ़ाई गई सुरक्षा घटना के बाद भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 179/02 के आसपास स्थित करबला मैदान, चाणक्य चौक और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिस और एसएसबी के जवानों की तैनाती कर दी गई है। पूरे इलाके की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि दोबारा किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। वीडियो फुटेज से होगी आरोपियों की पहचान पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पथराव में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने, शांति बनाए रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिहार के इन 12 जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट, IMD ने जारी की एडवाइजरी

**पटना (एजेंसी):** बिहार में मॉनसून के दो रंग देखने के लिए मिल रहे हैं. उत्तर बिहार में झमाझम बारिश जबकि दक्षिण बिहार में सामान्य से भी कम बारिश दर्ज हो रही. इस बीच मौसम विभाग की ओर से 12 जिलों में आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. जबकि बाकी के जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. पूरे बिहार में मॉनसून एक्टिव नहीं होने की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है. कहीं झमाझम बारिश तो कहीं उमस वाली गर्मी लोग झेल रहे हैं. ऐसे में आज मौसम विभाग की ओर से 12 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश और बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है. राज्य के इन 12 जिलों में अलर्ट जारी मौसम विभाग की ओर से सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, जमुई और बांका में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. जबकि बाकी के



जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. बिगड़े मौसम में विभाग की ओर से लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है. खासकर किसानों से इस दौरान खुले में काम नहीं करने की अपील की गई. कब से मॉनसून एक्टिव होने की है संभावना? मौसम विभाग की माने तो, आज सीमांचल के दो जिलों किशनगंज और पूर्णिया में भारी बारिश हो सकती है. देर रात पटना और इसके आस-पास के इलाकों में हल्की बारिश हुई. लेकिन लोगों को उमस से राहत नहीं मिली. ऐसे में मौसम विभाग की माने तो, 28 जून से राज्य में मॉनसून एक्टिव हो सकता है. मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अब अनुकूल हैं. 28 और 29 जून को मौसम विभाग की ओर से डबल अलर्ट जारी किया गया है. अगले दो-तीन दिनों में दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम बिहार के जिलों में भी अच्छी बारिश होने की संभावना है. इस वजह से मॉनसून हुआ कमजोर एक ओर उत्तर बिहार, तराई और सीमांचल के जिलों में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं. जबकि दूसरी ओर दक्षिण और मध्य बिहार के कई जिले अब भी पर्याप्त बारिश का इंतजार कर रहे हैं. मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के आंकड़े बताते हैं कि 26 जून तक बिहार के 36 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है. इनमें 18 जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक बारिश की कमी है. केवल किशनगंज और सुपौल ऐसे जिले हैं, जहां सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है. अल नीनो के शुरूआती प्रभाव और मॉनसून की कमजोर गति को इसकी प्रमुख वजह माना जा रहा है.

## 12 साल की उम्र में मां को खोया, 3 बार मिली असफलता... फिर भी नहीं टूटी हिम्मत, SDM बनी बिहार की बेटी की

**पटना (एजेंसी)** सिर्फ 12 साल की उम्र में मां का साया सिर से उठ गया, लेकिन मां का देखा हुआ सपना बेटी ने नहीं टूटने दिया. 70वीं बीपीएससी में 272वीं रैंक हासिल करने वाली अंकिता कुमारी अब एसडीएम बनेंगी. लगातार तीन असफलताओं के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और आखिरकार सफलता हासिल कर मां का अधूरा सपना पूरा कर दिया. कहते हैं कि कुछ सपने इंसान अपने लिए देखता है और कुछ अपने अपनों के लिए. 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 272वीं रैंक हासिल करने वाली अंकिता कुमारी की कहानी भी कुछ ऐसी ही है. जब वह सिर्फ 12 साल की थीं, तब उनकी मां का निधन हो गया. मां का सपना था कि वह खुद एक अधिकारी बनें, लेकिन हालात ऐसे बने कि यह सपना अधूरा रह गया. वही सपना आज उनकी बेटी ने पूरा कर दिखाया. अंकिता अब एसडीएम बनने जा रही हैं. शुरूआत से ही पढ़ाई में रहीं अव्वल अंकिता ने अपनी 10वीं की पढ़ाई सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,



छपरा से पूरी की. इसके बाद उन्होंने राजेंद्र कॉलेज से इंटरमीडिएट किया. ग्रेजुएशन पटना विमेंस कॉलेज से किया, जहां वह यूनिवर्सिटी टॉपर रहीं. इसके बाद पटना विश्वविद्यालय से मास्टर्स किया. उन्होंने तीन बार यूजीसी-नेट भी क्वालिफाई किया है. छपरा की रहने वाली अंकिता बताती हैं कि उन्होंने कोविड महामारी के बाद वर्ष 2022 से बीपीएससी की तैयारी शुरू की. लेकिन शुरूआत आसान नहीं थी. लगातार तीन प्रयासों तक वह प्रारंभिक परीक्षा भी पास नहीं कर सकीं. यह दौर उनके जीवन का सबसे कठिन समय था. उन्हें लगने लगा था कि शायद वह कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगी. कई बार उन्होंने तैयारी छोड़ने का भी मन बना लिया था.परिवार ने टूटने नहीं दिया हौसला जब अंकिता पूरी तरह निराश हो चुकी थीं, तब उनके परिवार और दोस्तों ने उनका साथ नहीं छोड़ा. सभी ने उन्हें समझाया कि मेहनत जारी रखो, सफलता जरूर मिलेगी. परिवार के भरोसे ने उनकी हिम्मत लौटाई. उन्होंने फिर से पूरी लगन के साथ तैयारी शुरू की. इस बार उन्होंने प्रारंभिक परीक्षा पास की. यह उनका पहला मेंस और पहला इंटरव्यू था. आखिरकार उन्होंने 70वीं बीपीएससी में 272वीं रैंक हासिल कर अपना और अपनी मां का सपना पूरा कर लिया. पिता सरकारी इंजीनियर, मां का सपना बेटी ने किया पूरा अंकिता के पिता सरकारी इंजीनियर हैं. मां अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी सीख और सपने हमेशा अंकिता के साथ रहे. आज बेटी की सफलता ने मां के अधूरे सपने को पूरा कर दिया. यही बात इस सफलता को और भी भावुक बना देती है.

## मुजफ्फरपुर वालों ध्यान दें! 3 रात बंद रहेगा रामदयालु रेल फाटक, निकलने से पहले देख लें नया रूट

**पटना (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर का रामदयालु रेल फाटक 26 से 28 जून तक हर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेगा. रेलवे यहां मरम्मत कार्य कराएगा. इस दौरान वाहनों को खबड़ा रेल फाटक होकर गुजरना होगा अगर आप रात के समय रामदयालु रेल फाटक होकर आते-जाते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है. रेलवे ने रामदयालु रेल फाटक पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है. इसके चलते लगातार तीन दिनों तक हर रात इस



रेल फाटक से सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा. इस दौरान वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करना होगा. तीन रात नहीं खुला रहेगा रेल फाटक रेलवे के अनुसार, 26, 27 और 28 जून की रात 10 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक रामदयालु रेल फाटक (समपार संख्या-07 स्पेशल) पर वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा. इस अवधि में रबराइज्ड रोड सतह बदलने, ओवरहॉलिंग और रेलपथ की मरम्मत का काम किया जाएगा. इस रास्ते से जा सकेंगे वाहन मरम्मत कार्य के दौरान सभी छोटे और बड़े वाहनों को खबड़ा समपार संख्या-04 स्पेशल होकर आना-जाना होगा. रेलवे ने लोगों से अपील की है कि वे यात्रा की योजना बनाते समय इस डायवर्जन को ध्यान में रखें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके. सुरक्षा व्यवस्था के भी किए गए इंतजाम पूर्व मध्य रेल के सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सोगारथ पासवान ने अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी) को पत्र भेजकर कार्य अवधि के दौरान दंडाधिकारी और सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया है. इसका उद्देश्य मरम्मत कार्य के दौरान कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखना है. रात में चलने वालों को होगी अतिरिक्त परेशानी रेल फाटक बंद रहने से रात में आने-जाने वाले स्थानीय लोगों, एंबुलेंस और मालवाहक वाहनों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी. हालांकि रेलवे का कहना है कि यह कार्य रेल और सड़क दोनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है. मरम्मत के बाद सफर होगा अधिक सुरक्षित रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद रामदयालु रेल फाटक पर आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सुगम होगा. इसलिए लोगों से तीन दिनों तक सहयोग करने की अपील की गई है.

## गया जी में टला रेल हादसा, ट्रैक पर रखी मिली लोहे की प्लेट, अचानक पहुंची बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस फिर...

**पटना (एजेंसी)** गया-राजगीर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस के ट्रैक पर लोहे की प्लेट मिलने से अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया. ड्राइवर और गार्ड की गया जी से राजगीर जाने वाली बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गयी. रेलवे ट्रैक पर लोहे की प्लेट रखे जाने की सूचना मिलने के बाद ट्रेन चालक और गार्ड की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से समय रहते ट्रेन को रोक दिया गया. कैसे बची सैकड़ों यात्रियों की जान? इस सूझबूझ के कारण सैकड़ों यात्रियों की जान बच गई और एक बड़ा रेल हादसा टल गया. घटना के बाद कुछ देर के लिए यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि रेलवे अधिकारियों और आरपीएफ की तत्परता से स्थिति जल्द ही सामान्य कर ली गयी. मिली जानकारी के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस रात




करीब 1:05 बजे गया जंक्शन से राजगीर के लिए रवाना हुई थी. ट्रेन निर्धारित गति से आगे बढ़ रही थी. इसी दौरान चालक की नजर रेलवे ट्रैक पर रखी एक संदिग्ध लोहे की प्लेट पर पड़ी. स्थिति की गंभीरता को समझते हुए चालक ने बिना देर किए ट्रेन की गति कम की और सिग्नल के समीप ट्रेन को सुरक्षित रोक दिया. समय रहते ट्रेन रुक जाने से संभावित बड़ा हादसा टल गया. घटना के दौरान ट्रेन के चालक नवनीत कुमार और गार्ड राजीव कुमार ने पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी का परिचय दिया. दोनों ने स्थिति का तत्काल आकलन करते हुए सुरक्षा नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई की. चालक ने ट्रेन रोकने के साथ ही स्टेशन मास्टर, रेलवे कंट्रोल और संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी. उनकी त्वरित कार्रवाई की वजह से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी. अधिकारियों ने ट्रैक का किया निरीक्षण सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेलवे अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची. अधिकारियों ने पूरे ट्रैक का निरीक्षण किया और रेलवे लाइन पर रखी गयी लोहे की प्लेट को हटाया. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि ट्रैक पूरी तरह सुरक्षित है और आगे किसी प्रकार का खतरा नहीं है. सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद ट्रेन को आगे बढ़ाने की अनुमति दी गयी. : 10 मिनट बाद फिर शुरू हुआ ट्रेन का परिचालन रेलवे अधिकारियों द्वारा ट्रैक की जांच और लोहे की प्लेट हटाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 10 मिनट के भीतर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का परिचालन दोबारा शुरू कर दिया गया. ट्रेन को सावधानीपूर्वक आगे के लिए रवाना किया गया. इस दौरान यात्रियों को भी स्थिति की जानकारी दी गई, जिससे उनके बीच व्याप्त चिंता धीरे-धीरे समाप्त हो गयी. यात्रियों में मची रही अफरा-तफरी अचानक ट्रेन रुकने और रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध वस्तु मिलने की जानकारी मिलते ही यात्रियों के बीच कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया. कई यात्री अपने डिब्बों से बाहर निकलकर घटना की जानकारी लेने लगे. हालांकि रेलवे अधिकारियों और आरपीएफ ने यात्रियों को शांत रहने की अपील की और सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखी. अधिकारियों के आश्वासन के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली. मामले की जांच में जुटा रेलवे प्रशासन घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है. रेलवे ट्रैक पर लोहे की प्लेट कैसे और किस उद्देश्य से रखी गयी. इसकी जांच शुरू कर दी गई है. आरपीएफ और संबंधित विभाग आसपास के क्षेत्र की जांच कर रहे हैं तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की पड़ताल की जा रही है. यदि इसमें किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी. सतर्क कर्मचारियों की हो रही सराहना इस घटना में ट्रेन चालक नवनीत कुमार और गार्ड राजीव कुमार की सूझबूझ और तत्परता की व्यापक सराहना हो रही है. उनकी समय पर की गई कार्रवाई ने संभावित बड़े रेल हादसे को टाल दिया और सैकड़ों यात्रियों की जान सुरक्षित रही. रेलवे अधिकारियों ने भी दोनों कर्मचारियों की सतर्कता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदार कार्यशैली सुरक्षा व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण है. यात्रियों ने भी चालक और गार्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सतर्कता के कारण वे सुरक्षित अपने गंतव्य की ओर यात्रा जारी रख सकें.



# दूर का दिखाने वाली दूरबीन

चिड़िया देखना हो या फिर तारे। एक दूरबीन से दो काम बहुत अच्छे से हो सकते हैं। अपनी पॉकेट मनी बचाकर अगर ऐसी कोई चीज खरीदते हो तो वह जिंदगीभर काम आएगी। दूरबीन दूर की दुनिया को तुम्हारे पास ले आएगी। जाड़े के दिनों में तो प्रकृति को, पंछियों और तारों को दूरबीन से घंटों देखा जा सकता है। कौन जाने, एक दूरबीन तुममें भी वैसी ही कुछ रुचि पैदा कर दे या फिर गैलीलियो की तरह तुम भी अपनी दूरबीन के कारण अपने दोस्तों में पहचाने जाओ। जन्मदिन पर तुम पापा-मम्मी से कोई बड़ी चीज माँगने के बजाय दूरबीन की जिद भी कर सकते हो। उन्हें भी दूरबीन दिलाने में कोई परेशानी नहीं होगी। दूरबीन से देखने पर नई दुनिया खुल जाती है। दूर की कौड़ी को पास लाने वाली दूरबीन अगर तुम्हारी दोस्त बन जाए तो क्या बात है। तो ले आओ दूर की चीजों को पास, एक दूरबीन के साथ।





## साँप-सीढ़ी खेल की शुरुआत किस देश में हुई?

बच्चों के पसंदीदा इस खेल की शुरुआत प्राचीन भारत में हुई है। पहले इसे मोक्षपत और मोक्षपतामु कहा जाता था। इसकी शुरुआत कब हुई इसका ठीक-ठीक समय तो पता नहीं पर माना जाता है यह खेल ईसा के जन्म के भी दो सौ सालों पहले से खेला जा रहा है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि ईसा के 1300 साल बाद संत ज्ञानदेव ने इसकी शुरुआत की। इस खेल के जरिए बच्चों को यह सिखाया जाता था कि अगर वे अच्छा काम करते हैं तो वे आगे बढ़ेंगे। भारत में जो खेल चलता था उसमें साँप के मुकाबले सीढ़ियों की संख्या कम होती थी। फिर यह खेल इंग्लैंड पहुँचा और वहाँ कुछ बदलाव के साथ यह स्नेक एंड लेडर्स के तौर पर पहचाना जाने लगा। यहाँ से खेल में जितने साँप हो गए उतनी ही सीढ़ियाँ हो गई। 1943 से यह खेल अमेरिका में भी खेला जाने लगा।

## कैटरपिलर

कैटरपिलर का मतलब इल्ली होता है। जितनी भी तितलियाँ या मोथ हैं सभी के अंडे से पहले इल्ली बनती है। धीरे-धीरे यह कैटरपिलर बड़ी होती है और बटरफ्लाय में चेंज हो जाती है। कैटरपिलर में स्पेशल ग्लैंड होती है जिसकी सिकरिशन से वे सिल्क बनाती हैं। कैटरपिलर के सिर पर 12 छोटी-छोटी आँखें होती हैं जिसे 'ओसिली' कहा जाता है। इसके सिर पर दो जोड़ी जबड़े भी जुड़े रहते हैं, जो मेंडीबल्स कहलाते हैं।
इसकी स्किन स्ट्रेचेबल नहीं होती है इसलिए जैसे ही इसका साइज बढ़ता है इसकी स्किन टूटती जाती है। कैटरपिलर के आगे के तीन जोड़ी पैर को थोरेसिक लेग कहा जाता है और ये चलने और पकड़ने का काम करते हैं। इसकी बॉडी 13 सेगमेंट में बँटी हुई होती है। सभी इंसेक्ट की तरह यह भी शरीर पर मौजूद छेदों से साँस लेते हैं। इन छेदों को स्पाइरेकल कहा जाता है। इसके पीछे के पैरों को प्रोलेग कहा जाता है। इन पैरों से वह पौधों की डालियों को पकड़ने का काम करता है।
ज्यादातर कैटरपिलर का कलर हरा होता है ताकि वे आसानी से पत्तियों में छुपे रहें। इनका मुख्य खाना ही पत्तियाँ होती हैं। लेकिन कुछ कैटरपिलर बहुत सुंदर होते हैं। जैसे कैबेज व व्हाइट कैटरपिलर पर बहुत ही सुंदर स्पाट होते हैं। टाइगर मोथ एकदम लाल रंग का होता है। पस मॉथ का शेप एकदम अलग ढंग का होता है। एम्प्ररर मॉथ हरे रंग का बहुत सुंदर कैटरपिलर होता है। वैसे तो मॉथ के सभी कैटरपिलर सिल्क बनाते हैं, लेकिन जो सबसे अच्छी क्वालिटी का सिल्क देता है उसे सिल्क वर्म कहा जाता है।





# आलसी जानवरों की दुनिया

दोस्तों, तुम 6-8 घंटे जरूर सोते होगे, जिसके बाद फ्रेश होकर अपने काम में जुट जाते होगे। तुमने अपने पेट्स और आसपास रहने वाले जानवरों को भी रात भर सोते हुए देखा होगा। यही नहीं, अगर मौका मिले तो वे दिन में भी सो जाते हैं, ऊंघते रहते हैं या आलसी बनकर पड़े रहते हैं। लेकिन क्या तुम दुनिया के ऐसे जानवरों के बारे में जानते हो, जो पूरे दिन का 60-80 प्रतिशत से भी अधिक समय सोने में खर्च करते हैं। यानी कई जानवर दिन भर में 16-22 घंटे सोते रहते हैं। इनमें कुछेक को छोड़ कर सभी आलसी होते हैं। वे खाते-पीते हैं और अपने जरूरी काम धीरे-धीरे निपटाकर दोबारा सो जाते हैं। तुम ऐसे जानवरों को लेजी, सोतूराम या आलसीराम नहीं कहोगे क्या? लेकिन ऐसा कर ये जानवर एक तो शिकारियों से अपना बचाव करते हैं, साथ ही लंबे समय तक अपनी एनर्जी भी बचाए रखते हैं।

## शेर




तुम्हें यह अटपटा जरूर लगेगा कि ताकतवर और जंगल का राजा शेर भी अधिक सोने वाले जानवरों की क्षेणी में आता है। यह अलग बात है कि नर शेर आलसी या कमजोर बिल्कुल नहीं हैं। ताकत से भरपूर और एक्टिव होने के कारण ही ये जंगल के दूसरे जानवरों पर अपना दबदबा बनाए रखते हैं। शिकार करके नर शेर के खाने-पीने का इंतजाम करने का जिम्मा भी जब मादा शेरनी का होता है तो ये दिन में 18-22 घंटे ऊंघने के अलावा करते ही क्या हैं। कभी-कभी तो ये नर शेर दिन में 24 घंटे सोते रहते हैं।

## कोआला



ऑस्ट्रेलिया में पाए जाने वाले कोआला आलसी जानवरों में पहले स्थान पर हैं। ये ज्यादातर नीलगिरी के पेड़ों पर समूह में रहते हैं और आसानी से उपलब्ध नीलगिरी के पत्ते, फल-फूल, पेड़ की छाल खाकर पेट भरते हैं। खाना ढूंढ़ने के लिए उन्हें कहीं जाने की भी जरूरत नहीं पड़ती। फाइबर से भरपूर ये पत्ते कोआला को ऊर्जा प्रदान करते हैं। कोआला नीलगिरी के पेड़ों पर बैठे-बैठे दिन में 22 घंटे सोते रहते हैं।

## आर्माडीलो



ये एक दिन में 18-20 घंटे तक सोते हैं। अकेले रहने वाले आर्माडीलो रात के समय एक्टिव होते हैं और दिन में अपने बिल के अंदर जहां तक होता है, क्रॉल करते रहते हैं। ये कमजोर नजर वाले होते हैं। सूंघ कर अपने भोजन की तलाश करते हैं।

## स्लोथ



दक्षिण और मध्य अमेरिका में पाए जाने वाले स्लोथ बहुत धीमी गति से अपने काम करते हैं। जमीन पर चलते और पेड़ पर चढ़ते वक्त ये एक मिनट में सिर्फ 15-20 सेमी ही आगे बढ़ पाते हैं। ये इतने आलसी होते हैं कि उनके आसपास क्या हो रहा है, इससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। स्लोथ दिन में अपने हाथों से पेड़ों की शाखाओं को घेरकर उलटे लटके रहते हैं। ऐसे ही ये लटके हुए 20 घंटे तक सोते रहते हैं।

## ब्राउन बैट



ये उत्तरी अमेरिका में पाए जाते हैं। उलटे लटकने वाले ब्राउन बैट दिन में 20 घंटे सोते रहते है और रात को एक्टिव होते हैं।

## गिलहरी



गिलहरी कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा से भरपूर खाना खाती है, जिससे इसे नींद ज्यादा आती है। ये टहनियों, पत्तों, फर और पंखों जैसी नरम चीजों से बनाए घोंसले में रहती है और दिन में करीब 14 घंटे सोती है।

## आउल मंकी



ये दक्षिण और मध्य अमेरिका के जंगलों में पाए जाते हैं और समूह में रहते हैं। आउल मंकी एक दिन में 17 घंटे सोते रहते हैं। ये रात के समय एक्टिव रहकर अपने सारे काम निपटा लेते हैं।



## दरियाई घोड़े

अफ्रीका में पाए जाने वाले हिप्पो ऊंघने में मास्टर होते हैं। समूह में रहने वाले हिप्पो दिन के समय गर्मी से बचने के लिए पानी के नीचे या जमीन पर, जहां भी मौका मिलता है, झपकी ले लेते हैं। अपने समूह के साथ हिप्पो बेखौफ होकर दिन में 18-20 घंटे सोते हैं।

## प्यारा और अनूठा शेवट्रेन

शेवट्रेन ऐसा जीव है, जिसका शरीर हिरन की तरह और मुंह चूहा जैसा होता है। अलग-अलग देशों के लोग इसे अलग-अलग नामों से बुलाते हैं। यह दक्षिण भारत के अलावा एशिया और अफ्रीका के विभिन्न जंगलों में पाया जाता है। इसे आर्द्र जलवायु ज्यादा भाती है। यही कारण है कि यह वर्षावनों में ज्यादा पाया जाता है। शेवट्रेन या पिसूरी चूहे की शक्ल का जीव है, पर इसका शरीर हिरन जैसा होता है। इसलिए लोग इसे माउस डियर कहते हैं। एशिया में पाए जाने वाले माउस डियर अफ्रीकी माउस डियर से हल्के और छोटे होते हैं। एशियाई माउस डियर आठ किलोग्राम तक के होते हैं। वहीं, इसकी अफ्रीकी प्रजाति का वजन 16 किलोग्राम तक होता है। यह पूरी तरह शाकाहारी होता है और पौधों के मुलायम पत्ते व पेड़ से गिरे फलों को खाता है। इसके शरीर के निचले हिस्से पर हिरन के जैसी ही धारियां भी बनी होती हैं। इसके कान छोटे-छोटे होते है। यह बहुत ही डरपोक होता है, पर विरोधी कमजोर हो, तो हमला भी कर देता है। शेवट्रेन नाम फ्रेंच से लिया गया है, जिसका मतलब 'छोटी बकरी' होता है। तेलुगु में इसे जारिनी पंडी, मलयालम में खूरान और कोंकणी में इसे बरिंका कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार इस जीव की खोज नव पाषाण काल में हुई। इसके पेट की संरचना बाकी जीवों से थोड़ी अलग होती है। इसके पाचन प्रक्रिया के लिए चार अलग-अलग चेंबर होते हैं। भोजन बारी-बारी से हर चेंबर से होकर गुजरता है, जहां पौष्टिक तत्वों का अवशोषण होता है। मादा एक बार में एक ही बच्चा देती है. इस कारण इनकी संख्या बहुत ही कम है। इनके पैर पतले होते हैं और खुर गाय जैसे, पर काफी छोटे होते हैं। इन्हें सींग नहीं होता, पर नर का जबड़ा काफी मजबूत होता है और जरूरत पड़ने पर इससे वह दुश्मनों पर हमला भी करता है। ये समूह में रहने के बजाय जोड़ी में रहना पसंद करते हैं। ये बच्चों का देखभाल 2-3 माह तक ही करते हैं। 10 माह में इनके बच्चे वयस्क की भूमिका निभाने और प्रजनन के लिए तैयार हो जाते हैं।





# इनक्यूबेटर का कमाल

**आर्यन और प्रफुल्ल दोनों भाइयों की साइंस में विशेष रुचि थी। साइंस की उन्हें काफी जानकारी भी थी। स्कूल से लौटकर आने के बाद भी वे दोनों कभी साइंस की कोई मैगजीन पढ़ते रहते तो कभी साइंस से जुड़ी कोई वेबसाइट देखते रहते। उनकी कॉलोनी में रहने वाले लोग अकसर उनके पापा से कहते, 'देख लीजिएगा श्याम जी! आपके बेटे एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनेंगे।'**

लोगों के ऐसा कहने की वजह यह थी कि उन्होंने कई बार आर्यन और प्रफुल्ल को साइंस की मदद से समस्याओं के काफी रोचक समाधान निकालते देखा था। आज भी उनके पास एक ऐसी समस्या आ गई थी। दरअसल सुबह जब वे स्कूल बस के आने का इंतजार कर रहे थे तब उनकी कॉलोनी में रहने वाले एक अंकल उनके पास आए और कहने लगे, 'मैं एक मुश्किल में फंस गया हूं। मुझे लगता है कि उसका समाधान तुम दोनों निकाल सकते हो। क्या तुम मेरी मदद करोगे?'

'क्या हुआ अंकल, आप बताइए। अगर संभव हुआ तो हम आपकी परेशानी का हल जरूर निकालेंगे।' आर्यन बोला।

'थैंक्यू बच्चो! मुझे तुमसे यही उम्मीद थी। अब मेरी समस्या सुनो- मेरे पास एक मुर्गी है, जिसे मैंने बड़े प्यार से पाला है। कल वह घर के बाहर घूमते-घूमते अचानक सामने वाले घर में चली गई और लोहे के कंटीले तारों में फंसकर जख्मी हो गई। कल ही उसने दो अंडे दिए हैं। अंडों में से चूजों के बाहर आने में अभी समय है और मुर्गी अभी ऐसी हालत में नहीं है कि उन्हें गर्मी देकर से सके। क्या अंडों को सेने का कोई और तरीका हो सकता है? मैं चाहता हूं कि दोनों चूजे अंडों से बाहर निकलने के बाद पूरी तरह स्वस्थ हों और तब तक मुर्गी की हालत भी सुधर जाए।'

आर्यन और प्रफुल्ल ने एक पल के लिए कुछ सोचा और एक-दूसरे की तरफ देखकर दोनों के मुंह से निकला- 'इनक्यूबेटर'।फिर वे दोनों बोले, 'अंकल आपका काम हो जाएगा। हमें शाम तक का समय दीजिए। आपके चूजे भी सही सलामत रहेंगे और मुर्गी भी।' यह सुनते ही कॉलोनी वाले अंकल के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

स्कूल से घर वापस आते ही दोनों भाइयों ने खाना खाया और इनक्यूबेटर बनाने में लग गए। सबसे पहले आर्यन ने थर्मोकॉल का एक चौकोर डिब्बा बनाया, जिसे खोला भी जा सके। इसके बाद प्रफुल्ल ने उसके अंदर चारों तरफ रुई की मोटी पर्त बिछा दी ताकि उसके अंदर अंडों को सेने के लिए जरूरी गर्मी बनी रहे। दोनों भाइयों ने बायोलॉजी के पाठ इनक्यूबेटर में पढ़ा था कि मुर्गी के अंडों को सेने के लिए 99 से 102 डिग्री के आस-पास के तापमान की जरूरत होती है। दोनों ने इसके लिए उस डिब्बे का तापमान मापने के लिये उसमें तापमान मानक यंत्र के रूप में थर्मामीटर रख दिया। फिर डिब्बे के अंदर एक साफ मुलायम कपड़ा बिछाया। साथ ही उस डिब्बे में ऊपर से एक छेद करके उसमें बिजली का एक तार लटकाया। बिजली के उस तार के एक कोने में प्लग लगाया और तार के दूसरे कोने को बॉक्स में लटकाकर उसके अंदर होल्डर लगाया। होल्डर में एक बल्ब फिट किया और उसे जला दिया ताकि उसके जलने से डिब्बे में जरूरत के हिसाब से तापमान बना रहे। इसके बाद दोनों ने उसका तापमान थर्मामीटर से मापकर देखा तो वह उतना ही था, जितने की उन्हें जरूरत थी। अब उनका इनक्यूबेटर मुर्गी के अंडे सेने के लिए तैयार था।

शाम को आर्यन और प्रफुल्ल इनक्यूबेटर लेकर मुर्गी वाले अंकल के घर गए। वहां उन्होंने उसे सेट करके उसमें दोनों अंडों को रख दिया। साथ ही उन्होंने अंकल से कहा,'इन अंडों में से चूजे निकलने में 21-23 दिन का समय लगेगा। हम बीच-बीच में आकर इसे चेक करते रहेंगे। अब हम चलते हैं और आप भी अब निश्चिंत होकर अपनी मुर्गी का इलाज करवाइये।

घरेलू इनक्यूबेटर में अंडों के सेने का इंतजाम असर दिखा रहा था। 21वें दिन आर्यन और प्रफुल्ल को अंडों में कुछ हलचल सी दिखी। यह देखकर वे दोनों बहुत खुश हुए। 23वें दिन अंडे का छिलका टूटा और उसके अंदर से दो प्यारे-प्यारे चूजे बाहर आए। उन्हें देखकर सब तालियां बजाने लगे। कॉलोनी में रहने वाले लोग आर्यन और प्रफुल्ल को बधाई दे रहे थे।

आर्यन और प्रफुल्ल की खुशी का ठिकाना नहीं था। अगले दिन उन दोनों के स्कूल में प्रिंसिपल सर ने दोनों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'आर्यन और प्रफुल्ल हमारे स्कूल के नंबर वन बाल वैज्ञानिक हैं। ये सिर्फ परीक्षा में पास होने के लिए ही पढ़ाई नहीं करते, बल्कि उसे अमल में भी लाते हैं। आज स्कूल के सभी छात्र इन दोनों के लिए तालियां बजाएंगे।' सर का इतना कहना था, सारे बच्चों ने प्रफुल्ल और आर्यन के लिए जोरदार तालियां बजाईं। इससे दोनों का हौसला और बुलंद हो गया। दोनों ने सोच लिया था कि वे थॉमस अल्वा एडीसन, गैलीलियो और आइंस्टीन के बारे में केवल एग्जाम में ही नहीं लिखेंगे, बल्कि उनकी तरह बन कर दिखाएंगे और अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे।



# फीफा विश्व कप 2026 : मिस्र ने ईरान से 1-1 से ड्रॉ खेलकर नॉकआउट चरण में किया प्रवेश



एजेंसी

**सिएटल :** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-जी के अंतिम मुकाबले में मिस्र और ईरान के बीच शनिवार को रोमांचक मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। इस परिणाम के साथ मिस्र ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट चरण में पहुंच गया, जबकि ईरान की अंतिम-32 में जगह बनाने की उम्मीदें सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होने पर टिकी हैं। मुकाबले की शुरूआत बेहद तेज रही। मिस्र ने पांचवें मिनट में महमूद साबेर के गोल से बढ़त बना ली। इसके बाद नौवें मिनट में ईरान को पेनाल्टी मिली, लेकिन मेहदी तारेमी उसे गोल में नहीं बदल सके। मिस्र के गोलकीपर मोस्तफा शुबीर ने शानदार बचाव किया। हालांकि, ईरान ने केवल पांच मिनट बाद ही वापसी कर ली। मिलाद मोहम्मदी का पहला प्रयास शुबीर ने रोक दिया, लेकिन रीबाउंड पर रामिन रेजाइयान ने 14वें मिनट में गेंद को जाल में पहुंचाकर स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने जीत के लिए लगातार प्रयास किए। ईरान को अंतिम मिनटों में कई बेहतरीन मौके मिले। स्टॉपेज टाइम में शोजा खलीलजादेह ने गेंद को गोल में पहुंचा भी दिया और ईरानी खिलाड़ियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) की समीक्षा में उन्हें ऑफसाइड पाया गया और गोल रद्द कर दिया गया। उधर, दूसरे मुकाबले में बेल्जियम ने न्यूजीलैंड को 4-1 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इसके चलते मिस्र दूसरे स्थान पर खिसक गया। अब मिस्र अंतिम-32 में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। वहीं, ईरान को अब अन्य ग्रुपों के परिणामों का इंतजार करना होगा। यदि वह सर्वश्रेष्ठ आठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल रहता है तो उसका सामना स्विट्जरलैंड से हो सकता है। संक्षिप्त स्कोर: मिस्र 1 (महमूद साबेर 5') ईरान 1 (रामिन रेजाइयान 14') परिणाम: मुकाबला 1-1 से ड्रॉ।

## स्पेन ने उरुग्वे को 1-0 से हराकर ग्रुप एच में शीर्ष स्थान किया हासिल, उरुग्वे फीफा विश्व कप से हुआ बाहर



**ग्वाडलाहारा :** स्पेन ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप एच के अपने अंतिम मुकाबले में शनिवार तड़के उरुग्वे को 1-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। इस हार के साथ मासेली बिएल्सा की टीम उरुग्वे का विश्व कप अभियान ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया, जबकि केप वर्डे ने भी अंतिम-32 में जगह बना ली। स्पेन के लिए मैच का एकमात्र गोल एलेक्स बाएना ने पहले हाफ के 42वें मिनट में किया। मार्कोस ल्योरेंटे के क्रॉस पर बाएना ने गेंद को नियंत्रित कर शॉट लगाया, जिसे उरुग्वे के अनुभवी गोलकीपर फर्नांडो मुस्लेरा रोकने में असफल रहे और गेंद उनके हाथों से निकलकर गोल में चली गई। मैच की शुरूआत में स्पेन को बढ़त लेने का मौका मिला था, लेकिन मिकेल ओयारजाबाल का प्रयास उरुग्वे की रक्षा पंक्ति ने विफल कर दिया। दूसरी ओर उरुग्वे भी आक्रामक दिखा, लेकिन डार्विन नुनेज और रोड्रिगो बेंटांकुर अपने अवसरों का फायदा नहीं उठा सके। हाफ टाइम के बाद मुस्लेरा की जगह सर्जियो रोशेट को मैदान पर उतारा गया। इसके बावजूद उरुग्वे बराबरी का गोल नहीं कर सका। स्पेन के दानी ओल्मो और फेरान टोरेस ने बढ़त दोगुनी करने के मौके बनाए, लेकिन एक प्रयास क्रॉसबार से टकरा गया। इंजरी टाइम में उरुग्वे की मुश्किलें और बढ़ गईं जब अगस्टिन कानोब्बियो को पाउ कुबार्सी पर खतरनाक टैकल के कारण सीधा लाल कार्ड दिखाया गया। इसके बाद स्पेन ने आसानी से मैच समाप्त किया। इस जीत के साथ स्पेन ग्रुप एच में शीर्ष पर रहा और अब 2 जुलाई को ग्रुप जे की उपविजेता टीम से अंतिम-32 का मुकाबला खेलेगा। फिलहाल ग्रुप जे में ऑस्ट्रिया दूसरे स्थान पर है। दूसरी ओर, केप वर्डे और सऊदी अरब के बीच मुकाबला गोलरहित बराबरी पर समाप्त होने से केप वर्डे दूसरे स्थान पर रहते हुए पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंच गया।

# आमिर जंगू और रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज को दिलाई दमदार वापसी



एजेंसी

**एंटीगा :** एंटीगा में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज आमिर जंगू ने अपने करियर के दूसरे ही टेस्ट में शानदार संयम का परिचय देते हुए नाबाद 78 रन की पारी खेली। कप्तान रोस्टन चेज (नाबाद 42) के साथ उनकी 103 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने तक 5 विकेट पर 271 रन बना लिए। शुक्रवार को दूसरे दिन की शुरूआत वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाजों जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग ने शानदार अंदाज में की। दोनों ने पहले घंटे तक श्रीलंकाई गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। इसके बाद मिलान रत्नायके ने ब्रैंडन किंग को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। कैंपबेल ने कावेम हॉज के साथ पारी को आगे बढ़ाया और लंच तक टीम का स्कोर 1 विकेट पर 89 रन पहुंचा दिया। हालांकि लंच के बाद श्रीलंका ने मैच में वापसी की। सोनल दिनुशा ने कैंपबेल को आउट कर बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद कावेम हॉज, जोशुआ डा सिल्वा और जस्टिन ग्रीव्स अच्छी शुरूआत तो कर सके, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया। इस दौरान श्रीलंका ने 79 रन के भीतर चार विकेट झटककर मुकाबले पर पकड़ मजबूत कर ली। ऐसे मुश्किल समय में आमिर जंगू और कप्तान रोस्टन चेज ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पूरे अंतिम सत्र में धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए 203 गेंदों का सामना किया और 103 रन की नाबाद साझेदारी कर श्रीलंका की बढ़त को काफी हद तक कम कर दिया। श्रीलंका को गेंदबाजी में भी झटका लगा, जब तेज गेंदबाज लाहिरु कुमारा हैमस्ट्रिंग में परेशानी के कारण मैदान छोड़कर बाहर चले गए। इसका फायदा जंगू और चेज ने उठाया और दिन का खेल समाप्त होने तक वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अब वेस्टइंडीज श्रीलंका के पहली पारी के स्कोर से केवल 37 रन पीछे है और उसके पास अभी पांच विकेट शेष हैं।

# यूएस ओपन बैडमिंटन : देविका श्रीकांत और रौनक सेमीफाइनल में



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत की देविका सिहाग, किदांबी श्रीकांत और युवा शटलर रौनक चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन बैडमिंटन 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं, तन्वी शर्मा और रक्षिता श्री का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। थाईलैंड मास्टर्स चैंपियन देविका सिहाग ने महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में जापान की तीसरी वरीय रिको गुनजी को 22-20, 21-19 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना डेनमार्क की दूसरी वरीय लाइन क्रिस्टोफर्सन से होगा। पुरुष एकल में शानदार फॉर्म में चल रहे रौनक चौहान ने इजराइल के मिशा जिल्बरमैन को 23-21, 21-11 से हराकर अपने करियर के पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर-300 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब उनका मुकाबला चीनी ताइपे के आठवीं वरीय सू ली यांग से होगा। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के लियाओ झुओ-फू को 21-9, 12-21, 21-8 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। फाइनल में पहुंचने के लिए श्रीकांत अब जापान के चौथी वरीय युदाई ओकिमोटो से भिड़ेंगे। महिला एकल में भारत की तन्वी शर्मा को डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफर्सन के खिलाफ 21-16, 11-21, 21-11 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं रक्षिता श्री को कनाडा की रेचल चान ने 15-21, 21-16, 21-12 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

# एफआईएच प्रो लीग : भारत ने पाकिस्तान को 7-1 से रौंदा



एजेंसी

**लंदन :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को शुक्रवार देर रात 7-1 से करारी शिकस्त देकर शानदार जीत दर्ज की। ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में खेले गए मुकाबले में शुरूआती झटके के बाद भारत ने लगातार सात गोल दागते हुए पाकिस्तान को पूरी तरह मैच से बाहर कर दिया। भारत की ओर से सुखजीत सिंह (20वां मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (26वां), हार्दिक सिंह (34वां), जुगराज सिंह (35वां), अभिषेक (41वां), राज कुमार पाल (44वां) और दिलप्रीत सिंह (54वां) ने गोल किए। पाकिस्तान के लिए एकमात्र गोल अबू बकर महमूद (13वां मिनट) ने किया। भारतीय मिडफील्डर हार्दिक सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मैच की शुरूआत तेज रफ्तार रही। भारत ने शुरूआती डेढ़ मिनट में ही पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन उसे गोल में नहीं बदल सका। इसके बाद 13वें मिनट में पाकिस्तान को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर कप्तान अबू बकर महमूद ने ड्रैग फ्लिक से गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भारत ने पूरी तरह मैच पर नियंत्रण बना लिया। 20वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत सिंह की ड्रैग फ्लिक को सुखजीत सिंह ने शानदार डिफ्लेक्शन देकर गोल में बदलते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। इसके छह मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर हरमनप्रीत सिंह ने जोरदार ड्रैग फ्लिक के जरिए सीधे गोल दागकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। 34वें मिनट में भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। दूसरे कॉर्नर पर पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे हार्दिक सिंह ने आसानी से गोल में बदल दिया। इसके तुरंत बाद भारत ने तेज जवाबी हमला बोला और दिलप्रीत सिंह व सुखजीत सिंह की शानदार तालमेल भरी मूव पर जुगराज सिंह ने गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया। 41वें मिनट में सुखजीत के पास पर अभिषेक ने शानदार फील्ड गोल किया। इसके बाद लगातार मिले पेनल्टी कॉर्नर के दौरान राज कुमार पाल ने रिबाउंड पर गोल कर भारत की बढ़त 6-1 कर दी। अंतिम क्वार्टर में भी भारतीय टीम का दबदबा जारी रहा। 54वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने बेहतरीन मूव को गोल में बदलते हुए भारत का सातवां गोल दागा। मैच के अंतिम मिनटों में पाकिस्तान को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय डिफेंस और अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने दोनों प्रयास नाकाम कर दिए। इसके साथ ही भारत ने 7-1 की शानदार जीत अपने नाम कर ली।

संक्षिप्त स्कोर भारत 7 (सुखजीत सिंह 20', हरमनप्रीत सिंह 26', हार्दिक सिंह 34', जुगराज सिंह 35', अभिषेक 41', राज कुमार पाल 44', दिलप्रीत सिंह 54') पाकिस्तान 1 (अबू बकर महमूद 13')।

## संक्षिप्त खबरें

### डीडीसीए हॉट वेदर टूर्नामेंट: मद्रास सीसी ने गोल्डन हॉक्स सीसी को 127 रन से हराकर जीता खिताब



**नई दिल्ली :** डीडीसीए हॉट वेदर टूर्नामेंट 2026 के फाइनल में मद्रास सीसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्डन हॉक्स सीसी को 127 रन से हराकर प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया। डीडीसीए की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार शुक्रवार को सेंट स्टीफंस ग्राउंड पर खेले गए फाइनल मुकाबले में मद्रास सीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में छह विकेट पर 361 रन का विशाल स्कोर बनाया। मद्रास सीसी की ओर से सार्थक रंजन ने 77 गेंदों पर 104 रन की शानदार शतकीय पारी खेली, जबकि अनमोल शर्मा ने केवल 42 गेंदों में 87 रन बनाए। प्रिक्षित ने भी 48 रन का अहम योगदान दिया। जवाब में गोल्डन हॉक्स सीसी की टीम 30.2 ओवर में 234 रन पर सिमट गई। अंकित कुमार (55) और धनंजय सिंह (54) ने अर्धशतक लगाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। फाइनल में बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले वैभव कांडल (41 रन और 3 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल के बाद डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने कहा कि हॉट वेदर टूर्नामेंट दिल्ली क्रिकेट की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित क्लब प्रतियोगिताओं में से एक है। उन्होंने कहा, हॉट वेदर टूर्नामेंट दिल्ली क्रिकेट के लिए बेहद खास है। हर साल खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में खेलने का इंतजार करते हैं। मोहिंदर अमरनाथ से लेकर गौतम गंभीर जैसे भारतीय क्रिकेट के दिग्गज इस टूर्नामेंट का हिस्सा रह चुके हैं, यही इसकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने गर्म मौसम में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी सराहना करते हुए कहा कि ऐसी परिस्थितियां युवा खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाती हैं। अशोक शर्मा ने क्लबों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली क्रिकेट की सफलता का सबसे बड़ा आधार उसके क्लब हैं। उन्होंने कहा, क्लब कम उम्र में प्रतिभाओं की पहचान करते हैं और पूरे साल उन्हें तैयार करते हैं। दिल्ली क्रिकेट हमेशा क्लब प्रणाली की मजबूती पर खड़ा रहा है और आज भी यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। घरेलू सत्र समाप्त होने के बाद अब सभी की निगाहें दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) और 1 जुलाई को होने वाली खिलाड़ी नीलामी पर रहेंगी। अशोक शर्मा ने कहा कि पूरे सीजन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को डीपीएल के जरिए बड़ा मंच मिलेगा। उन्होंने कहा, डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली हमेशा खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने के पक्षधर रहे हैं और डीपीएल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

### वेटरन बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप का शुभारंभ



**प्रयागराज :** प्रयागराज क्यू स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में चार दिवसीय वेटरन बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप-2026 शनिवार से वेलकम होटल बाय आईटीसी होटल्स में शुरू हुई। 27 से 30 जून तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति, शिक्षाविद, अधिवक्ता एवं समाजसेवी भाग ले रहे हैं। जिसमें यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी, वेलकम होटल बाय आईटीसी होटल्स प्रयागराज के प्रबंध निदेशक जेके अग्रवाल, होटल ग्रैंड कॉन्टिनेंटल के स्वामी अनीश बिर, बैद्यनाथ समूह के धनंजय शर्मा, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एडी सॉन्डर्स, अधिवक्ता राकेश बग्गा, रियल एस्टेट डेवलपर दीपक दरबारी, व्यवसायी सुधीर बग्गा, रियल एस्टेट डेवलपर दिनेश अग्रवाल तथा राजकमल अग्रवाल सहित कई शामिल हैं। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में राकेश बग्गा, जेके अग्रवाल, सुधीर बग्गा, दिनेश अग्रवाल, अनीश बिर तथा एडी सॉन्डर्स ने अपने सधे हुए स्ट्रोक्स, उत्कृष्ट क्यू कंट्रोल और अनुभव का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का आनंद कराया। प्रयागराज क्यू स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव विनायक अग्रवाल बताया कि वेटरन बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के प्रथम चरण के आयोजन के लिए चल रही प्रयागराज डिस्ट्रिक्ट स्नूकर चैम्पियनशिप-2026 को एक दिन के लिए स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि वेटरन बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप तथा प्रयागराज डिस्ट्रिक्ट स्नूकर चैम्पियनशिप का समापन 30 जून को होगा। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रयागराज के पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि होंगे।

### प्रयागराज के त्रिपुरेश एमपीसीएल में बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट

**प्रयागराज :** स्थानीय युवा क्रिकेटर त्रिपुरेश सिंह मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की टी-20 क्रिकेट प्रीमियर लीग में मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए हैं। यह जानकारी खेल मीडिया प्रभारी खुर्शीद राइन ने शनिवार को देते हुए बताया कि इंदौर में शुक्रवार रात खेले गए फाइनल में उन्होंने चंबल घड़ियाल्स की ओर से खेलते हुए 24 गेंद पर नाबाद 43 रन बनाए और एक विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी जीता। फाइनल में चंबल घड़ियाल्स ने रॉयल नीमार ईगल्स को 31 रन से हराया। सलोरी निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र त्रिपुरेश ने क्रिकेट का प्रशिक्षण ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर बीसीसीआई लेवल-वन कोच विवेक सिंह से प्राप्त किया है। दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज एवं मध्यक्रम के उपयोगी बल्लेबाज त्रिपुरेश ने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में 10 मैच में 240 रन बनाने के साथ ही 16 विकेट भी अपने नाम किया। त्रिपुरेश मध्य प्रदेश की सीनियर टीम ओर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी प्रतिभाग कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह, खेल सचिव डॉ. एकात्म देव, डॉ. शैलेश यादव, संजय पाल, धीरज अवस्थी, सुधीर सोनकर आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### डीएसजेए ने राजा रणधीर सिंह और जसपाल राणा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली :** दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीएसजेए) ने शनिवार को भारतीय निशानेबाजी के दो दिग्गजों राजा रणधीर सिंह और जसपाल राणा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक शोकसभा का आयोजन किया। इस दौरान दोनों महान हस्तियों के खिलाड़ी, कोच, मार्गदर्शक और खेल प्रशासक के रूप में भारतीय निशानेबाजी में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया। शोकसभा में वक्ताओं ने राजा रणधीर सिंह की भारतीय खेल प्रशासन में अग्रणी भूमिका और देश में निशानेबाजी के विकास में उनके योगदान को रेखांकित किया। वहीं, जसपाल राणा को महान निशानेबाज और सफल कोच के रूप में याद किया गया, जिनके मार्गदर्शन में मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा।

## मुंडका फैक्ट्री में दर्दनाक हादसा : सेप्टिक टैंक में दम घुटने से 3 मजदूरों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुंडका औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ। जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने शुरुआती जांच में जहरीली गैस को हादसे का कारण बताया है और पूरे मामले की गहनता से जांच हो रही है। जानकारी के मुताबिक, सबसे पहले एक मजदूर सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए अंदर उतरा, जहां वह जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गया। उस मजदूर को बचाने के प्रयास में दो अन्य मजदूर भी टैंक में घुसे, लेकिन वे भी गैस की चपेट में आकर अंदर ही फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची। भारी ट्रैफिक के कारण बचाव कार्य में कुछ देरी हुई, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद तीनों मजदूरों को बाहर निकाला गया। दुर्भाग्यवश, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान अरुण (38), संदीप (32) और चांद (42) के रूप में हुई है, जो सुल्तानपुरी के इंद्र झील इलाके के रहने वाले थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुंडका थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की पड़ताल कर रही है कि सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं। फैक्ट्री मालिक की भूमिका भी जांच के दायरे में है। यह घटना एक बार फिर बिना उचित सुरक्षा उपकरणों के इसतरह के खतरनाक कार्यों को करने पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## नाजिया इलाही खान को पानीपत कोर्ट का नोटिस : धार्मिक टिप्पणियों पर संज्ञान

पानीपत (एजेंसी)। सोशल मीडिया हस्ती नाजिया इलाही खान की कानूनी मुश्किलें बढ़ी हैं। पानीपत की एक अदालत ने उनके खिलाफ दायर याचिका पर संज्ञान लेकर नोटिस जारी किया है। यह याचिका मुस्लिम समुदाय के कुछ प्रतिनिधियों और मुस्लिम लीगल एड ट्रस्ट द्वारा दायर की गई है, जिसमें आरोप है कि नाजिया ने एक पॉडकास्ट और सोशल मीडिया पर इस्लाम, मुस्लिम महिलाओं, पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब और हजरत आयशा से जुड़े विषयों पर विवादित और आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इन टिप्पणियों से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। अदालत ने नाजिया इलाही खान को 27 जुलाई को कोर्ट में पेश होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। मुस्लिम लीगल ऐड ट्रस्ट के चेयरमैन और अधिवक्ता मोमिन मलिक ने बताया कि ट्रस्ट मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए काम करता है, और इसी उद्देश्य से यह याचिका दायर की गई है। उन्होंने संबंधित बयानों और अन्य दस्तावेजों को याचिका के साथ संलग्न किया है। मोमिन मलिक ने नाजिया को विवादित सार्वजनिक व्यक्तित्व भी बताया, जो पूर्व में भी अपने बयानों को लेकर चर्चा में रही हैं। हालांकि, इन आरोपों पर नाजिया इलाही खान का पक्ष फिलहाल सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। मामले की आगामी सुनवाई में दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का अवसर मिलेगा, जिसके बाद अदालत आगे की कार्रवाई पर निर्णय लेगी।

## मुआवजा चाहिए, तब पीड़िता को देना होगा गवाही न बदलने का शपथ पत्र

ग्वालियर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़ितों को एससी-एसटी अधिनियम के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता के दुरुपयोग पर चिंता जताकर महत्वपूर्ण आदेश दिया है। जस्टिस विशाल मिश्रा ने कहा है कि मुआवजा राशि का अगला चरण जारी करने से पहले पीड़िता को शपथ पत्र देना होगा। इसमें पीड़िता को यह वचन देना होगा कि वह मुकदमे के दौरान आरोपी से समझौता नहीं करेगी और न ही अपनी गवाही से मुकरेगी। यदि पीड़िता बाद में आरोपों से मुकरती है, तब पीड़िता को प्राप्त पूरी राशि सरकार को लौटानी होगी। राज्य सरकार ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया था कि कई मामलों में पीड़ित मुआवजा लेने के बाद ट्रायल के दौरान अपने बयान बदल देते हैं, जिससे अभियोजन कमजोर पड़ता है और सरकारी धन का उद्देश्य विफल होता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राशि जमा न करने पर उसकी वसूली की जा सकेगी और ट्रायल कोर्ट उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई पर विचार कर सकेगा।

## पुलिस द्वारा आरोपी को रस्सी बांधकर सड़क पर घुमाना गैरकानूनी : हाईकोर्ट

कोलकत्ता (एजेंसी)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आरोपी की कमर में रस्सी बांधकर सार्वजनिक रूप से घुमाना कानून और मानवाधिकारों के विरुद्ध है। अदालत ने कहा कि आरोपी के साथ भी गरिमा और संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप व्यवहार किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने यह टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान की पत्नी रेजिना बीबी की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिका में गिरफ्तारी के बाद आरोपी को रस्सी से बांधकर ले जाने का आरोप लगाया गया था। राज्य सरकार ने कहा कि पुलिस रिपोर्ट मिलने के बाद पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## हिमाचल प्रदेश में अगले 6 दिन बारिश की चेतावनी, अभी तक मानसून नहीं आया

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार रात हुई तेज बारिश से मौसम सुहावना हो गया और कई शहरों के रात के तापमान में खासी गिरावट दर्ज हुई। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले छह दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा। एक और दो जुलाई को प्रदेश के मध्यम ऊंचाई वाले कुछेक क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इस दौरान लोगों और पर्यटकों को नदी-नालों के आसपास जाने से बचने की सलाह दी गई है। हालांकि, इन बारिशों के बावजूद हिमाचल में अभी तक मानसून की आधिकारिक एंट्री के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं। प्रदेश में मानसून पहुंचने की सामान्य तारीख 22 जून है, लेकिन इस बार इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई है और इसके देरी से पहुंचने की संभावना है। बीते 24 घंटे की बारिश से रात का पारा सामान्य से करीब पांच डिग्री तक नीचे पहुंच गया है, जिससे जून के अंत में भी ठंडक का एहसास हो रहा है। जून माह में अब तक प्रदेश में सामान्य से 31 फीसदी कम बारिश रिकॉर्ड की गई है; 26 जून तक 79.8 मिलीमीटर के मुकाबले केवल 55.3 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज की गई है।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी: कांग्रेस की सुप्रीम कोर्ट जांच सहित 3 बड़ी मांगें

**-बड़े अधिकारियों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया गया**





**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है। कांग्रेस ने गंभीर मामले में केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधकर तीन प्रमुख मांगें रखी हैं, जिनमें सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की बात प्रमुख है। पार्टी का कहना है कि करोड़ों रुपये के चढ़ावे में गड़बड़ी जैसे संवेदनशील मामले में निष्पक्ष जांच तभी संभव है, जब इसकी निगरानी देश की सर्वोच्च अदालत करे।

कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप सिंह ने सबसे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल भंग करने की मांग की। कांग्रेस नेता का तर्क है कि इस ट्रस्ट पर देश का भरोसा खत्म हो चुका है, खासकर तब जब इसका गठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था और अब उसी से जुड़े लोगों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में लिप्त हैं। उन्होंने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे की स्थिति स्पष्ट न होने पर सवाल उठाए, यह कहते हुए कि शीर्ष पदों पर बैठे लोगों की जिम्मेदारी तय न होने पर पूरी जांच पर सवाल उठ सकते है।

कांग्रेस पार्टी की दूसरी प्रमुख मांग पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच होना चाहिए है। कांग्रेस का मानना है कि अगर जांच सिर्फ राज्य सरकार या पुलिस के भरोसे रही, तब मामले से जुड़ी सच्चाई सामने नहीं आएगी। इसलिए एक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच जरूरी है। कांग्रेस ने मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए। पार्टी का कहना है कि जब देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा मामला सामने आया है, तब प्रधानमंत्री मोदी को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यदि भाजपा और आरएसएस वास्तव में भगवान राम के भक्त होते, तब वे खुद नैतिक आधार पर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग करते।

तीसरी मांग के तौर पर, कांग्रेस ने ट्रस्ट में अहम जिम्मेदारी निभाने वाले सभी लोगों की गिरफ्तारी की मांग की। पार्टी का आरोप है कि अब तक केवल निचले स्तर के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, जबकि असली फैसले लेने वाले बड़े अधिकारियों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया गया है।

कांग्रेस ने दावा किया कि चढ़ावा चोरी की खबरें सामने आने के बाद राम मंदिर में मिलने वाले दान में कमी आई है। पार्टी के मुताबिक, श्रद्धालुओं का भरोसा प्रभावित हुआ है और इसी कारण अब लोग पहले की तरह खुलकर दान नहीं दे रहे हैं।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिन पर चोरी, आपराधिक विश्वासघात, साजिश और भ्रष्टाचार से जुड़े प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है। हालांकि, कांग्रेस अभी भी आरोप लगा रही है कि जांच केवल निचले स्तर तक सीमित है और असली जिम्मेदार लोगों तक नहीं पहुंची है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर धीरेंद्र शास्त्री भावुक : ये भी रावण हैं, बस रूप बदला



अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या राम मंदिर के दानपात्र से करोड़ों के चढ़ावे की चोरी की घटना पर आध्यात्मिक गुरु पंडित धीरेंद्र शास्त्री इंडोनेशिया के जकार्ता में भावुक हो गए। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि ये भी रावण ही हैं, बस इनका रूप बदल गया है। शास्त्री ने तर्क दिया कि रावण ने केवल माता जानकी की चोरी की थी, जिसका परिणाम उसका पूरा कुल नाश हो गया था। लेकिन इन चोरों ने लाखों-करोड़ों लोगों की श्रद्धा और भरोसे को चुराया है। उन्होंने चेताया कि सच चाहे जिस भी बुरा लगे लगे, लेकिन सरकारी दंड के साथ-साथ इन अपराधियों को भगवान का महादंड भी अवश्य मिलेगा। इस मामले में पुलिस ने रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, फैजाबाद जेल में पहली रात सभी आरोपियों को नींद नहीं आई और वे रात भर करवटें बदलते व आपस में चर्चा करते रहे। उन्हें सोमवार को दुबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। चोरी का यह मामला 7 जून को सामने आया था, जिसके बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 13 जून को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एसआईटी ने 23 जून को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी और 25 जून को मंदिर ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू सहित 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जिसके कुछ ही घंटों बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी शुक्रवार को मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने भी अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।

## राम मंदिर चढ़ावा मामला: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर अवैध रुप से धन संग्रह का आरोप

**-जांच कर रही एसआईटी को मिली शिकायत**

**लखनऊ (एजेंसी)।** राम मंदिर निर्माण में चढ़ावे की चोरी और अनियमितताओं के मामले में चल रही जांच में नया मोड़ आ गया है। प्रकरण की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ शिकायत मिली है, जिसमें उन पर अवैध रूप से धन संग्रह और दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगे हैं।

शिकायतकर्ता ने राम मंदिर और स्वर्णालय निर्माण के नाम पर चंदा, सोना और चांदी इकट्ठा करने में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाया है। दावा है कि हजारों गांवों से जुटाया गया सोना, चांदी और अन्य दान अधिकृत ट्रस्ट को नहीं सौंपा गया। यह शिकायत यूपी सरकार द्वारा गठित एसआईटी के अध्यक्ष विजय विश्वास पंत और अन्य सदस्यों को संबोधित की गई है। स्वामी गोविंदानंद सरस्वती ने व्यक्तिगत रूप से एसआईटी से मिलकर मामले में तत्काल जांच और कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया है।

एक ओर शंकराचार्य पर लगे आरोपों की जांच शुरू हो रही है, वहीं दूसरी ओर राम मंदिर में दान के कथित गबन के मामले में गिरफ्तार आठ आरोपियों को शुक्रवार, 26 जून को 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसके बाद उन्हें विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लव कुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय, राम शंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रामाशंकर उर्फ टिन्नू यादव शामिल हैं। ये सभी मंदिर को मिले नकद दान और कीमती सामान की गणना प्रक्रिया से जुड़े थे, जिनमें से पांच-



छह बैंक कर्मचारी बताए जा रहे हैं।

अभियोजन अधिकारी के मुताबिक, एसआईटी ने अब तक आरोपियों के पास से 79.85 लाख रुपये बरामद करने का दावा किया है। यह एफआईआर एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसे लखनऊ मंडलायुक्त पंत की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय टीम ने 23 जून को प्रदेश सरकार को सौंपा था। इस एसआईटी का गठन राम मंदिर ट्रस्ट के आग्रह पर किया गया था।

## अखिलेश यादव का चुनावी संकल्प: यूपी में सरकार और अयोध्या के लिए बड़ी घोषणा



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने राज्य में अपनी सरकार बनाने का संकल्प लेकर अयोध्या को लेकर एक बड़ी घोषणा की है। इस घोषणा से प्रदेश की सियासत में नई बहस छिड़ गई है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने लिखा है, हम धर्मनिष्ठता और सत्यनिष्ठता के साथ यह संकल्प लेते हैं कि नई सरकार बनाकर अयोध्या को एक ऐसी अनुपम-अनुकरणीय धार्मिक नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां विश्व भर से आए श्रद्धालु सच्ची आध्यात्मिकता की अद्वितीय अनुभूति करने वाले है। उन्होंने अयोध्या के विकास के लिए अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता जाहिर की।

सपा नेता यादव ने कहा, प्रभु के आशीर्वाद के साथ, हम अयोध्या के सनातन मान को आस्था-श्रद्धा, अखंड विश्वास और सच्ची भावना के 'सियाराम-धाम' के रूप में पुनर्स्थापित करने वाले है। इससे अयोध्यावासियों के भी परंपरागत गौरवभान और अधिकारों को पुनर्स्थापित होगा। इस बयान से उन्होंने अयोध्या के आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ स्थानीय निवासियों के हितों को भी साधने का प्रयास किया है।

यह महत्वपूर्ण घोषणा तब आई है, जब अयोध्या स्थित राम मंदिर कथित चंदा चोरी विवाद के कारण लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। अखिलेश यादव की इस घोषणा से उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है, और इसे आगामी चुनावों से पहले एक बड़ा राजनीतिक दांव माना जा रहा है।

उधर, योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद ने राम मंदिर प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया देकर कहा है कि मुख्यमंत्री योगी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होगा, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री निषाद ने विपक्ष को इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न करने की सलाह भी दी, जिससे यह मुद्दा और गरमाता दिख रहा है।

## आज बच्चों के संस्कारों के बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता

### केतन मर्डर मामले में कंगना ने कहा- माता-पिता को दोषी नहीं ठहराया जा सकता

मुंबई (एजेंसी)। एक्टर और बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने केतन अग्रवाल मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सिया गोयल के पिता के हालिया चौंकाने वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कंगना ने कहा कि इस घटना के लिए माता-पिता को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब सोशल मीडिया और एआई बच्चों की प्रोग्रामिंग कर रहे हैं, तो उनके संस्कारों के बारे में कभी भी पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। कंगना ने एक हेडलाइन शेयर की जिसमें सिया के पिता कहते हैं, अगर मेरी बेटी ने केतन को मारा है, तो उसे उसी किले से नीचे फेंक दो। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इंस्टाग्राम पर कंगना ने लिखा, आजकल सिर्फ परिवारों, घरों या माता-पिता को देखकर आप बच्चों के संस्कारों के बारे में पक्का नहीं कह सकते, ज्यादा जरूरी यह है कि उन्हें कौन तैयार कर रहा है? वे किसके साथ समय बिताते हैं, और सोशल मीडिया-एआई या असल जिंदगी में उन पर किन चीजों का असर हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो कुछ भी हुआ, उसके लिए माता-पिता को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने लिखा कि लोग एक साथ कई तरह की जिंदगी जी रहे हैं। वे बहुत सोच-समझकर अपनी एक अच्छी छवि बनाते हैं क्योंकि असल बात यह है कि लोग उन्हें कैसा देखते हैं, न कि वे कैसा महसूस करते हैं या असल में कैसे हैं। इसलिए, बच्चों की हरकतों के लिए परिवारों को गलत नहीं ठहराया जा सकता। बता दें 18 जून को लोनावला के पास लोहागढ़ किले में बिजनेसमैन केतन अग्रवाल की मौत हो गई। शुरू में इसे गलती से गिरने का मामला बताया था, लेकिन जल्द ही यह हत्या का मामला बन गया। केतन की मंगेतर सिया गोयल और उनके बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी शक के घेरे में आ गए।

## भोजपुर एनकाउंटर नहीं, हत्या हुई: प्रशांत किशोर का सम्राट चौधरी पर हमला

**ज्यादा दिनों तक सीएम नहीं रहने वाले सम्राट चौधरी**

**पटना (एजेंसी)।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक और पूर्व चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर तीखे आरोप लगाकर कहा है कि भोजपुर में हुई घटना एक एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है। उन्होंने मुख्यमंत्री चौधरी की कार्यप्रणाली और राजनीतिक परिपक्वता पर गंभीर सवाल उठा दिए हैं।

किशोर ने बिहार की नई सरकार पर निशाना साधकर कहा कि पहली बार सत्ता में आए सीएम चौधरी अनुभवहीन हैं और जोश में अपराधियों के खिलाफ खुले एक्शन की बात कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को राजनीतिक तौर पर अपरिपक्व बताकर आरोप लगाया कि चौधरी की खुद की आपराधिक छवि रही है। किशोर ने खुलासा किया कि मुख्यमंत्री चौधरी पर सात हत्याओं के आरोप थे, जिसमें वे नाबालिग का प्रमाण पत्र दिखाकर जेल से छूट गए थे।



उन्होंने कहा कि भोजपुर की घटना पर सम्राट चौधरी ने अब तक एक भी संवेदना का शब्द नहीं कहा है। पीके ने भविष्यवाणी की कि सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री के पद पर ज्यादा समय तक नहीं रहने वाले और भाजपा उन्हें केवल उत्तर प्रदेश चुनाव तक ही इस्तेमाल करेगी, क्योंकि मुख्यमंत्री बनते ही उनका चाल, चरित्र और चेहरा सामने आ गया है।

बांकीपुर उपचुनाव पर बात कर किशोर ने इस बिहार में भाजपा की सबसे मजबूत सीट बताया, लेकिन साथ ही दावा किया कि यहां की जनता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से नाराज है, क्योंकि उन्होंने नीतीश कुमार के लिए वोट दिया था। किशोर ने घोषणा की कि अगर सबकी सहमति हुई और उनके चुनाव लड़ने से बांकीपुर में भाजपा हारती है, तब वे इस सीट से चुनाव लड़ने को तैयार हैं। उन्होंने इस चुनाव को एक जनमत संग्रह करार दिया, क्योंकि यह सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री रहते हुए, बुलडोजर एक्शन और कथित एनकाउंटर के बाद बिहार की जनता का पहला चुनावी फैसला होगा।

इसके अतिरिक्त, अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावा चोरी से जुड़े सवाल पर किशोर ने कहा कि किसी भी संस्था में जवाबदेही की कमी होने पर ऐसी घटनाएं होती हैं। उन्होंने इस दुर्भाग्यपूर्ण बातकर कहा कि राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है, इसलिए इससे जुड़े किसी भी मामले में जवाबदेही तय होना बेहद जरूरी है।

## ग्रेट प्लेस टू वर्क ने वेदांता को भारत के शीर्ष 100 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में किया शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की अग्रणी प्राकृतिक संसाधन, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक वेदांता समूह को ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया द्वारा भारत का शीर्ष 100 काम करने के लिए 2026 की बेहतरीन कंपनियाँ की सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान वेदांता की उस निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसके तहत कंपनी विश्वास, उत्कृष्ट प्रदर्शन और समावेशिता पर आधारित कार्यस्थल का निर्माण कर रही है, जहाँ कर्मचारियों को आगे बढ़ने, नवाचार करने और सार्थक योगदान देने के अवसर मिलते हैं। पिछले पाँच वर्षों में, वेदांता ने अपने




व्यापक ईएसओपी कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों के लिए लगभग 2,500 करोड़ की संपत्ति (वेल्थ) का सृजन किया है। साथ ही, कंपनी ने भारत के सबसे युवा और लगातार अधिक विविध होते कार्यबल का निर्माण भी किया है। आज कंपनी के 40% कर्मचारी 30 वर्ष से कम आयु के हैं, महिलाएं कुल कार्यबल का 23% हैं और कंपनी के विभिन्न व्यवसायों में लगभग 100 ट्रांसजेंडर प्रोफेशनल्स कार्यरत हैं। यह औद्योगिक क्षेत्र में कार्यबल की संरचना में आए एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क- कार्यस्थल संस्कृति के क्षेत्र में एक वैश्विक संस्था है, जो कर्मचारियों के विश्वास, कार्यस्थल के अनुभव और मानव संसाधन के आधार पर कंपनियों का मूल्यांकन करती है। वर्ष 1992 से यह संस्था शोध-आधारित और सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से संगठनों को बेहतर कार्यस्थल बनाने में सहयोग कर रही है। अब तक यह दुनिया भर में 10 करोड़ (100 मिलियन) से अधिक कर्मचारियों का सर्वेक्षण कर चुकी है।

## पुणे हत्याकांड: केतन का सिर कुचला था, सिया शांत रही, साजिश की परतें खुलीं

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड में नए और चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। केतन का शव रेस्क्यू करने वाले सुनील गायकवाड़ ने बताया कि उसके सिर पर गंभीर चोटें थीं, खोपड़ी कुचली हुई थी और हाथ-पैरों पर भी कई जगह चोटें थीं। गायकवाड़ के अनुसार, घटनास्थल पर अन्य लोग रो रहे थे और मदद के लिए चिल्ला रहे थे, लेकिन मुख्य आरोपी और केतन की मंगेतर सिया गोयल शांत खड़ी थी। पुलिस को 18 जून की सुबह करीब 10:30 बजे सूचना मिली, जिसके बाद दोपहर 12:30 बजे तक बचाव अभियान चला और करीब 1:30 बजे शव एंबुलेंस में ले जाया गया।

पुलिस जांच में सामने आया हैं कि सिया और उसके प्रेमी चेतन चौधरी ने कानून की आंखों में धूल झोंकने के लिए वारदात से ठीक पहले और बाद में अपने मोबाइल फोन की पूरी चैट हिस्ट्री और रिसाइकिल बिन के डेटा को पूरी तरह से साफ किया था। इन डिलीट किए डिजिटल लॉग्स को वापस पाने के लिए दोनों के मोबाइल फोन फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेज दिए गए हैं। पुणे ग्रामीण पुलिस के अनुसार, सिया (20) और चेतन (22) बीते छह महीने से लगातार संपर्क में थे, जिन्होंने 2004 फोन कॉल के द्वारा 238 घंटे बातचीत की थी। वारदात के दिन, दोनों ने कैफे में मिलकर हत्या की साजिश को अंतिम रूप दिया और मावल तालुका के लोहगढ़ किले में उस सटीक जगह की पहचान की जहां से केतन को धक्का देना था।

पुलिस का दावा है कि सिया ने पूछताछ में बताया कि केतन का विग लगाना और हकलाना पसंद नहीं था, और इसी वजह से हत्या की साजिश रची। हालांकि, केतन के पिता विशाल अग्रवाल ने दावे का खंडन कर सगाई से पहले ही सिया और उसके परिवार को केतन के विग के बारे में जानकारी दे दी गई थी। विशाल अग्रवाल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर मामले की जल्द सुनवाई और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। लोनावला डिवीजन के डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) गजानन टोनपे ने बताया कि दोनों संदिग्धों ने शुरू में इंकार किया, लेकिन बाद में अपना जुर्म कुबूल कर घटनाक्रम का पूरा ब्यौरा दिया। पुलिस के मुताबिक, सिया ने पहले से तय सिग्नल दिया, जिसके बाद चेतन चौधरी ने केतन को खाई में धक्का दे दिया।

पुलिस ने सिया के भाई साहिल से 10 घंटे तक पूछताछ की है, और अब सिया के माता-पिता को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। सिया की मां ने दावा किया है कि उनकी बेटी 18 जून को लोहगढ़ किले नहीं जाना चाहती थी, लेकिन केतन और उसकी मां ने यात्रा के लिए मना लिया था। पुलिस के अनुसार, नवंबर में सिया और केतन की शादी होने वाली थी, लेकिन सिया उनसे शादी नहीं करना चाहती थी और इसलिए चेतन के साथ मिलकर केतन को रास्ते से हटाने की साजिश रची और योजना को अंजाम दिया। मामले की जांच अभी भी जारी है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी**, **प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**